आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 115 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

अजमेर, मंगलवार, 17 मार्च, 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें



### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लैंडस्लाइड, एक की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बर्फबारी के बीच एक हाइड्रोपावर प्रोज्क्ट के पास हुए लैंडस्लाइड हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। इसी बीच, सेना ने भारी बर्फबारी के कारण किश्तवाड़ के सिंथन टॉप इलाके में फंसे महिलाएं और बच्चे सहित 235 लोगों को रेस्क्यू किया। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए थे। इधर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बर्फ देखने गए टूरिस्ट पूरी रात अटल टनल रोहतांग में फंसे रहे।

### बंगाल में ममता की दोनों सीटों पर लड़ेंगे सुवेंदु, बीजेपी ने नंदीग्राम-भवानीपुर से टिकट दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट दिया है। ये दोनों सीटें बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की हैं। सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था। नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट टीएमसी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं।

### बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद कोलकाता पुलिस कमिश्नर नियुक्त हुए हैं। राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है।

### पूर्व पीएम देवगौड़ा ने राहुल के प्रदर्शन की आलोचना की

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) नेता एचडी देवगौड़ा ने संसद में विपक्ष के हंगामे के तरीके को लेकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लेटर लिखा है। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना संसद उनके विरोध की आलोचना की। 92 साल के देवगौड़ा ने दो पेज के लेटर में राहुल के हाल के प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि संसद के बजट सत्र के दौरान लगातार नारेबाजी, पोस्टर दिखाने और धरना-प्रदर्शन से लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। संसद परिसर में सीढ़ियों पर बैठकर चाय-नाश्ते के साथ प्रदर्शन करना संस्थान की गरिमा को कम करता है।

### हैदराबाद फार्महाउस ड्रग्स केस-पूर्व एमएलए रोहित रेड्डी समेत 3 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** पुलिस की एक विशेष टीम ने शनिवार रात हैदराबाद के पास मोइनाबाद स्थित एक फार्म हाउस पर छापेमारी कर एक हाई-प्रोफाइल ड्रग पार्टी का पर्दाफाश किया है। मौके पर ही पार्टी में शामिल 11 लोगों की जांच की। आंध्र प्रदेश से तेलुगु देशम पार्टी सांसद पुट्टा महेश कुमार और बीआरएस के पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित 11 लोगों को हिरासत में लिया गया।

### पटेला री पोल

ममता की अब कड़ी परीक्षा, बीजेपी देगी टक्कर
ईडी सीबीआई साथ मे, कमी नहीं बीजेपी में शक्कर
सीधी लड़ाई अब तक लड़ी, ममता कमजोर पड़ी नहीं
साम दाम दंड भेद चलेंगे, होगा वही जो लिखा बही

..मुखिया जी

# बिहार में एनडीए ने सभी 5 राज्यसभा सीटें जीतीं



**नई दिल्ली।** हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। एनडीए ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा में काउंटिंग जारी है। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई। बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई।

## वोट विवाद पर हरियाणा में काउंटिंग रुकी

बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में एनडीस के सभी 202 विधायकों ने, जबकि महागठबंधन की तरफ से 37 विधायकों ने वोट डाले। कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक नदारद रहे। वहीं, हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला। इंडियन नेशनल लोकदल के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे।

**नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले** जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने आरजेडी के एडी सिंह को हरा दिया है। एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, आरजेडी विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं। ओडिशा के विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा- ब्रह्मगिरि की विधायक ने मतदान करते समय गलती की थी। लेकिन मतदान कक्ष में बैठे अधिकारी ने अवैध रूप से उनके वोट को स्वीकार कर लिया और दूसरा वोट जारी कर दिया।

**कांग्रेस वोटों पर आपत्ति के चलते हरियाणा में मतगणना रुकी** राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेस वोटों पर आपत्ति के बाद मतगणना की प्रक्रिया रोक दी गई। जानकारी के अनुसार बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई। गौरव गौतम बीजेपी के पोलिंग एजेंट, जबकि किशन बेदी पार्टी के इलेक्शन एजेंट हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी मंत्री अनिल विज के वोट पर आपत्ति दर्ज कराई है।

# संसद में निलंबित 8 सांसदों को आज बहाल किया जाएगा

### ऑल पार्टी मीटिंग में बनी सहमति



**नई दिल्ली।** संसद में निलंबित किए गए आठ सांसदों का निलंबन मंगलवार को वापस लिया जा सकता है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि मंगलवार को संसद में प्रस्ताव लाकर इन सांसदों का निलंबन रद्द किया जाएगा।

सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी। सूत्रों के अनुसार, ऑल पार्टी मीटिंग में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसद शामिल हुए और बैठक में इस बात पर राय बनी कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने के लिए निलंबन को समाप्त किया जाना चाहिए। बैठक में यह भी तय हुआ कि निलंबित सांसदों को आगे से सदन में मर्यादा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अनुचित भाषा का प्रयोग न करने की हिदायत दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को संसद में निलंबन समाप्त करने के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि यह प्रस्ताव विपक्ष की ओर से पेश किया जा सकता है, जिस पर सदन की सहमति से निर्णय लिया जाएगा।

## राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा।

## ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग

### 10 मरीजों की मौत

### 11 कर्मचारी भी झुलसे

### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

**कटक।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी।यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलसगए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।



ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है।

### राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थानी जनजाति गौरव दिवस का आयोजन

# राजस्थान की विकास यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय- मुख्यमंत्री

### बेणेश्वर धाम का करेंगे सर्वांगीण विकास









### मुख्यमंत्री ने आदिवासी बाहुल्य जिलों के 1 हजार 902 करोड़ रुपये के 326 विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज अपनी समृद्ध परंपरा, विशिष्ट संस्कृति तथा प्रकृति के साथ गहरे संबंध के लिए प्रसिद्ध है। इस समाज ने ऐसे वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। देश-प्रदेश का विकास इनकी सक्रिय भागीदारी से ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी के तहत राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह दिन आदिवासियों को समर्पित है। इन्होंने राजस्थान की इस विकास यात्रा में अतुलनीय योगदान दिया है। शर्मा सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना हुई थी। हमारी सरकार ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही राजस्थान दिवस मनाने का निश्चय किया था। इसीलिए इस वर्ष 19 मार्च के दिन प्रदेशभर में इस दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेणेश्वर धाम की ऐतिहासिक भूमि आदिवासी आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र है। राज्य सरकार द्वारा बेणेश्वर धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जाएगा और इस संबंध में डीपीआर भी तैयार की जा रही है।

**जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक निर्णय** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में जनजाति उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छात्रावासों में मैस भत्ता ढाई हजार से बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रति माह किया है। साथ ही, खेल अकादमियों में मैस भत्ते में बढ़ोतरी, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जनजाति विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, सीए व सीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि 244 नए मां-बाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है तथा जनजाति किसानों को मुफ्त संकर मक्का बीज एवं मिनिकिट का वितरित किया गया है। इसी तरह प्रदेश के 8 जिलों में 530 वन धन विकास केंद्रों का गठन कर डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजाति समाज के खिलाड़ियों ने एशियन लेक्रोस गेम्स, राष्ट्रीय लेक्रोस चैंपियनशिप सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीते हैं।

### हमारा हस्तशिल्प जनजातीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति

शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज ने अपनी आजादी से कभी समझौता नहीं किया। भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के शोषण के विरुद्ध संघर्ष की अलख जगाई। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पिछले वर्ष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में जनजातीय गौरव वर्ष मनाया। उन्होंने कहा कि हमारा हस्तशिल्प जनजातीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। पिथोरा चित्रकला, बांस की बुनाई, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी आदि सभी हमारी अनमोल सांस्कृतिक विरासत हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि इन सभी कलाओं को सम्मान मिले और कलाकारों को इनका उचित मूल्य मिले।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त कर रही राज्य सरकार

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' का होगा आयोजन

### युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा शिलान्यास एवं लोकार्पण

### मुख्यमंत्री युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र सहित स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप फंड का करेंगे वितरण



### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत प्रथम लाभार्थी को सौंपा जाएगा चेक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन पर कार्य करते हुए राज्य सरकार युवाओं को सशक्त कर प्रदेश के भविष्य को सुदृढ़ करने एवं 'विकसित राजस्थान-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों के तहत मंगलवार (17 मार्च) को 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।

जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार की संस्थाओं आरसीएटी/ आरकेसीएल/ आरएसएलडीसी से एआई कोर्स, वेब डिजाइनिंग जैसी विधाओं में प्रशिक्षित 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप का 1 हजार 145 लाख रुपये का फंड वितरित किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत प्रथम लाभार्थी को चेक भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार द्वारा युवाओ पर आधारित लघु फिल्म 'युवाओं का उत्थान' का प्रदर्शन भी किया जाएगा।




### पश्चिम एशिया तनाव के बीच एलपीजी लेकर पहुंचा पहला भारतीय जहाज शिवालिक

**गांधीनगर।** पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। यह कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी। शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।

CMYK

# हुक्मनामा समाचार

www.hukmnamasamachar.com

Email: hukmnama.ajmer@gmail.com

अजमेर, मंगलवार 17 मार्च 2026




### लीड़ी में पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## दो वर्षों से नियमित पानी नहीं मिलने का आरोप, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम लीड़ी में पेयजल संकट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के महासचिव हरिशंकर रेगर ने जिला कलेक्टर अजमेर को ज्ञापन सौंपकर जलदाय विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ज्ञापन में बताया गया कि बिसलपुर बांध में पानी की कमी नहीं होने के बावजूद पिछले दो वर्षों से गांव में पानी की सप्लाई नियमित नहीं हो रही है। किसी मोहल्ले में महीने में दो बार तो कहीं तीन बार



ही पानी दिया जाता है, वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होता। ज्ञापन में कहा गया कि पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए करीब 500 रुपये में टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिससे गरीब और दलित परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ग्रामीण पिछले सात माह से लगातार जलदाय विभाग के अधिकारियों, जिला कलेक्टर, संभागीय आयुक्त और मुख्यमंत्री तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जलदाय विभाग पीसांगन के सहायक अभियंता द्वारा गलत रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिसमें 120 घंटे के अंतराल से पानी सप्लाई होने की जानकारी दी जाती है, जबकि हकीकत इससे अलग है।

उन्होंने लामाना पंप हाउस के जल वितरण रजिस्टर को सीज कर जांच करवाने की मांग की है कि लीड़ी गांव के लिए छोड़ा गया पानी वास्तव में गांव तक पहुंच रहा है या रास्ते में ही कहीं बेचा जा रहा है। साथ ही मांग की गई कि गांव में 72 घंटे के अंतराल से नियमित पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को तत्काल निलंबित किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि लीड़ी के रेगर मोहल्ले में पिछले नौ दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सरकारी भवनों पर जल्दी लगवाएं रूफटॉप सोलर पैनल

## एसडीआरएफ कार्यों के बिलों का भुगतान शीघ्र कराएं: जिला कलक्टर

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में सभी मुख्य विभागों के सरकारी भवनों को सोलराईज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भवन सोलराईज होंगे तो बिजली के बिल में कमी आएगी। उन्होंने सोलर पेनल लगाने वाली एजेन्सी के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर रूफ टॉप सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को लू एवं तापघात से बचाव के लिए आगामी दिनों में चिन्हित स्थानों पर रेनबसेरे स्थापित करने एवं वहां पीने के पानी, कूलर, ओआरएस आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समारिया ने केईडीएल एवं जेवीवीएनएल के अधिकारियों को कंट्रोल रूम स्थापित करने एवं बिजली से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के संबंध में निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एसडीआरएफ के तहत स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न विभागों के भवनों की मरम्मत के स्वीकृत कार्यों को पूरा कर बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत 16वीं विधानसभा के वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों की भौतिक प्रगति की जानकारी ली।

## लक्ष्य पूरे करने में जुट जाएं- संभागीय आयुक्त

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चंबल सिंचित क्षेत्र विकास अंतर्गत कार्यों की प्रगति, बजट घोषणाओं, आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्य सहित विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि वर्तमान में संचालित कार्यों में गति लाते हुए उन्हें समय पर पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण किए जाएं। साथ ही,आगामी वित्तीय वर्ष से शुरू होने वाले कार्य भी तय समय पर शुरू हों और समय पर पूर्ण हों। उन्होंने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है अत: लक्ष्य पूर्ण करने पर पूरा फोकस रहे। पूरी मेहनत और समर्पण के साथ लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त कुशल कुमार कोठारी एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्थान फेस्टिवल 2026:

## गढ़ पैलेस व गागरोन जलदुर्ग में गूंजी शहनाई की मधुर धुन, विद्यार्थियों ने किया राजकीय संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्थापना दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे राजस्थान फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत जिले में 15 से 19 मार्च तक विविध सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को पर्यटन विभाग द्वारा गढ़ पैलेस स्थित राजकीय संग्रहालय तथा गागरोन जलदुर्ग में शहनाई वादन का आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने ऐतिहासिक धरोहरों के वातावरण को सुरमयी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान शहनाई की मधुर धुनों ने उपस्थित पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से रूबरू कराया। ऐतिहासिक धरोहरों की पृष्ठभूमि में प्रस्तुत शहनाई वादन ने वातावरण को और भी मनोहारी बना दिया तथा दर्शकों को एक अनूठा सांस्कृतिक अनुभव प्रदान किया। इसी अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा भी विद्यार्थियों में ऐतिहासिक धरोहरों एवं पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई।

इसके तहत जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को गढ़ पैलेस स्थित राजकीय संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक वस्तुओं, प्राचीन मूर्तियों, चित्रकला, शस्त्रों एवं अन्य पुरातात्विक धरोहरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व से भी अवगत कराया गया। साथ ही यहां विद्यार्थियों को झालावाड़ जिले के इतिहास को दर्शाती नव निर्मित गैलेरी का भ्रमण भी कराया गया।

## जिले में निशुल्क आयुर्वेद परामर्श शिविर एवं जांच कल

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** कोटा रोड पर आरओबी से आगे स्थित आयुष आयुर्वेद केंद्र पर बुधवार को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में बीएमडी (हड्डियों की जांच), यूरिक एसिड तथा ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में 40 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरुष, जोड़ों, गर्दन या कमर दर्द से पीड़ित व्यक्ति तथा चलने-फिरने या झुकने में परेशानी वाले लोग जांच करवा सकते हैं। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह हाड़ा और डॉ. हेमराज मीणा द्वारा घुटना दर्द, कमर दर्द, सायटिका, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड, मोटापा, त्वचा रोग सहित विभिन्न रोगों पर आयुर्वेदिक परामर्श दिया जाएगा। पूर्व पंजीकरण के लिए 89498-00502 एवं 96644-27203 पर संपर्क किया जा सकता है। मरीजों से पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाने की अपील की गई है।

## सहकार कार्मिकों का विभिन्न मांगो के चलते धरना प्रदर्शन शुरु,दिया ज्ञापन




**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक भीलवाड़ा की गंगापुर शाखा पर 29 सहकारी समितियां के कार्मिकों द्वारा राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति जयपुर के निर्णय अनुसार 27 फरवरी 2026 से कार्य बहिष्कार के अगले चरण में 16 और 17 मार्च को बैंक की शाखा गंगापुर में धरना एवं प्रदर्शन कर संरक्षक डाल चंद जाट की अगुवाई में आज चार सूत्रीय मांग पत्र उपखंड अधिकारी गंगापुर को मुख्यमंत्री के नाम का सोपा गया। राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त समिति द्वारा केडर अथॉरिटी एवं नियोक्ता का निर्धारण, ऋण पर्यवेक्षक के पदों पर शत प्रतिशत नियुक्ति, 10.7. 2017 से पूर्व की नियुक्ति कार्मिकों का नियमितीकरण , बैंकिंग सहायक 20% कोटा भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु की मांग शामिल है।

## किसानों को गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा, 25 जून तक उपलब्ध

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2026-27 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद की प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए पंजीकृत किसानों के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग व्यवस्था लागू की गई है। इसके माध्यम से किसान अपनी सुविधानुसार तुलाई की तिथि निर्धारित कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु राज्य खाद्यान्न खरीद पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्लॉट बुकिंग करें। यह सुविधा 25 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी। जिला रसद अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जारी निर्देशों के अनुसार पंजीकृत किसान अपनी गेहूं फसल के विक्रय के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकेंगे। यदि किसी किसान द्वारा बुक की गई तुलाई तिथि में परिवर्तन की आवश्यकता हो, तो किसान पुन: पोर्टल पर जाकर नई तिथि के लिए स्लॉट बुक कर सकता है। तुलाई की तिथि का आवंटन संबंधित क्रय केन्द्र की प्रतिदिन की खरीद क्षमता के अनुसार किया जाएगा, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़े। किसानों को तुलाई तिथि की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे निर्धारित तिथि पर अपनी उपज लेकर क्रय केन्द्र पर पहुंच सकें।

## विद्यापति गार्डन में पूर्वांचल समाज का होली मिलन, फाग गीतों और खेलों से छाया उल्लास

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** आजाद नगर स्थित विद्यापति गार्डन में पूर्वांचल जन चेतना समिति की ओर से 'अपनों से अपनों के संग' होली मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष अर्चना दुबे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूर्वांचल की सांस्कृतिक परंपराओं और राजस्थानी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर और होली की शुभकामनाएं देकर की गई। मुख्य अतिथि नगर परिषद की पूर्व



सभापति मधु जाजू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनका शॉल, दुपट्टा और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में महिला, पुरुष और बाल वर्ग की चेयर रेस प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें माया देवी, मनोज कुमार यादव और खुशी कुमारी विजेता रहे। महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत और भजन प्रस्तुत कर माहौल को होलीमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता प्रतिभाओं का सम्मान

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** एडवोकेट स्नेह परिवार की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साँवरिया रेस्टोरेंट में कार्यक्रम आयोजित कर अधिवक्ता परिवार की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, अनिल कुमार पारीक, सूर्यप्रकाश सरगरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान एडवोकेट भूपेंद्र सिंह चारण ने 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल' गीत की प्रस्तुति देकर माहौल को भावुक बना दिया। जिला अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत ने भारत की वीरांगनाओं के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वंदना चोखड़ा ने कहा कि मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। कार्यक्रम में अनीता व्यास, राजेश्वरी शर्मा, निशा कंवर गौड़, ममता लक्षकार सहित कई अधिवक्ताओं को ऊपरना व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह चारण व पीरू सिंह गौड़ ने किया।

## नगदी चुरा कर भाग रहे बालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर नगर में सोमवार दोपहर चोरी की एक घटना उस समय सामने आई जब मोटरसाइकिल के बैग से नगदी चुराकर भाग रहे एक बालक को सतर्क लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार खातीखेड़ा निवासी रामलाल पुत्र नानूराम बैरवा सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से करीब 50 हजार रुपए की नगद राशि निकालकर लाए थे। उन्होंने नगदी को गमचे में लपेटकर अपनी मोटरसाइकिल के बैग में रख दिया और सहाड़ा चौपाटी स्थित एक दुकान पर खरीदारी करने चले गए। इस दौरान मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी थी। इसी बीच एक बालक मौके पर पहुंचा और मोटरसाइकिल के बैग में रखी नगदी को गमचे सहित निकालकर वहां से भागने लगा। आसपास मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ गई, जिसके बाद लोगों ने तुरंत उसका पीछा किया। कुछ दूरी तक दौड़ाने के बाद लोगों ने बालक को अग्रसेन भवन के पास पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और बालक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा बालक से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने आमजन से वाहन में नगदी या कीमती सामान खुला छोड़कर न जाने की अपील भी की है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 को

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए अटल जन सेवा शिविर के तहत 19 मार्च (तृतीय गुरुवार) को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राजीव गांधी सेवा केंद्र, मिनी सचिवालय परिसर में प्रात: 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से जुड़ेगे।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**चित्तौड़गढ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 'एक जिला एक उत्पाद' (ह्ष्ठह्क) प्रदर्शनी का आयोजन चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान भवन, रीको औद्योगिक क्षेत्र में किया गया। प्रदर्शनी में इंडोशाइन मार्बल, हिमालय ऑनिक्स, विजय टाइल्स, रूपम मार्बल्स, जेडीएस ग्रेनाइट, चेतक ग्रेनी मार्मो, समदानी ग्रुप सहित विभिन्न इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में 'सीएसआर एवं एमएसएमई' जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक राहुल देव सिंह ने उद्योग विभाग की प्रमुख योजनाओं—एक जिला एक उत्पाद पॉलिसी, विश्वकर्मा युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एमएसएमई ट्रेड पॉलिसी-2026,



राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, एमएसएमई पॉलिसी-2024 तथा राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी—की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने उद्यमियों से ओडीओपी एवं निर्यात से संबंधित सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों एवं संस्थानों को शहर की स्वच्छता, चौराहों के सौंदर्यीकरण, औद्योगिक क्षेत्रों के रख-रखाव तथा वृक्षारोपण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, मार्बल एसोसिएशन चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष नलिन पुंगलियां, लघु उद्योग भारती के ज्ञान मेहता एवं राकेश चौपड़ा तथा मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अर्जुन मूंदड़ा सहित 200 से अधिक उद्यमी उपस्थित रहे।


**राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) पर्यटन भवन, तृतीय तल, विधायकपुरी थाने के सामनें, एम. आई. रोड़, जयपुर-302001, फोन : 91-141-2361140, 2371141-42 ; Email: croho@rtdc.in

क्रमांक :- 2175 दिनांक :- 10/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 18/2025-26**

राजस्थान पर्यटन विकास निगम लि. जयपुर की ओर से राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से 'Online NIB' आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने व प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.rtdc.tourism.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**UBN No : TDC2526WSOB00161, TDC2526WSOB00162, TDC2526WSOB00163**

राज.संवाद/सी/25/22584 महाप्रबन्धक - कार्य

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**

कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, सी. बी. एस. आगार अजमेर

**निविदा-सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम सी.बी.एस. अजमेर आगार के कार्यालय भवन हेतु 360000 रूपये (अक्षरे तीन लाख साठ हजार रूपये) सालाना की दर से अनुबंध किया जाना प्रस्तावित है इच्छुक व्यक्ति निर्धारित आवेदन पत्र मे अपने प्रस्ताव सी.बी.एस आगार अजमेर मे कार्यालय समय एंव कार्यदिवस मे 236/- मय जीएसटी शूल्क जमा करवाकर दिनांक 18.03.2026 तक प्राप्त कर सकते है जो बन्द लिफाफें मे 5000/- धरोहर राशि डीमांड ड्राफ्ट के साथ दोपहर 1:00 बजे दिनांक 18.03.2026 तक मुख्य प्रबंधक सी.बी.एस आगार अजमेर के कार्यालय मे जमा करा सकते है। डीमांड ड्राफ्ट मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम सी.बी.एस. आगार अजमेर से बनायी जावें। प्राप्त आवेदन आागारीय कमेटी सी.बी.एस. आगार अजमेर की उपस्थिति मे दिनांक 18.03.2026 को 14:00 बजे खोले जायेगें। निविदा पत्र के साथ संलग्न अनुबंध की शर्ते भलीभाति पढकर हस्ताक्षर किये जाना अनिवार्य है इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट **http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं sppp पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षर कर्ता के पास सुरक्षित हैं।

**UBN No. : RTC2526SSOB00931**

राज.संवाद/सी/25/22583 विज्ञापन संख्या 434/2025-26 मुख्य प्रबन्धक



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

# विभागीय समन्वय बैठक आयोजित : कलक्टर ने समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विभागीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसमस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने विभागवार एवं अधिकारी स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 60 एवं 90 दिवस से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के औसत निस्तारण समय में सुधार लाने के लिए सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से प्रकरणों का समाधान करें तथा परिवादियों से समन्वय स्थापित कर संतुष्टि प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने केन्द्र एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने तथा स्टार्क मार्क प्रकरणों की जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक समीक्षा कर समय पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा 15 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार लाने के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को कुसुम योजना के तीनों घटकों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभान्वित करने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फार्म पॉण्ड योजना, तारबंदी योजना सहित अन्य योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राज्य के औसत से अधिक प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए । इसी प्रकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को पीएम अभीम, आईपीएचएल, सीसीबी सहित अन्य विभागीय योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में शिक्षा विभाग को मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के विभिन्न पैरामीटर्स जैसे विद्यार्थियों की उपस्थिति, नामांकन, विद्यालय निरीक्षण एवं शैक्षणिक मॉनिटरिंग में सुधार करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को अटल प्रगति पथ सहित अन्य विकास कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत आगामी समय में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पौधारोपण की तैयारी करने तथा वन विभाग को पर्याप्त संख्या में पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में नल कनेक्शनों के विस्तार, अमृत योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने, लीकेज की मरम्मत करने तथा आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने, राज उन्नति के प्रमुख बिंदुओं पर प्रगति दर्ज करने तथा पंच गौरव योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर भौतिक लक्ष्यों का निर्धारण करने पर भी चर्चा की गई। जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि के प्रस्तावित कार्यों के लिए वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति जारी कर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शीघ्र वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकाल को देखते हुए हैंडपंपों की मरम्मत, विद्यालयों के रखरखाव सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए । उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार निस्तारित प्रकरणों का सत्यापन कर असंतुष्ट परिवादियों से समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें संतुष्ट करने के प्रयास करने तथा रिवेरिफिकेशन के संतुष्टि प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश ने जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत विभागवार आवंटित लक्ष्यों के अनुसार प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती वंदना खोरवाल, लोक सेवाओं की सहायक निदेशक श्रीमती विनीता स्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चेटीचंड महोत्सव पर सिन्धी समाज का रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** चेटीचंड महोत्सव के तहत पूज्य सिन्धी समाज पुराना शहर के तत्वावधान विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम काशुभारम्भ भगवान झूलेलाल की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया गया। संरक्षक डा. गोरधन झामनानी, जयराम दास चतवानी अध्यक्ष राधा किशन रामचंदानी, गुलाब मीरचंदानी, लक्ष्मण दास लालवानी, कन्हैया लाल हासनानी दिनेश लालवानी ने संयुक्त रूप से ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव गिरधारी अमरवानी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी को जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि सिन्धी समाज के तत्वावधान में चेटीचण्ड पूज्य श्री झूलेलाल जयन्ति महोत्सव मनाये जाने के क्रम में नित प्रतिदिन नये नये आयोजन युवाओं और महिला मण्डल द्वारा सम्पन्न करवाये जा रहे है। इस अवसर पर पुरषोत्तम चतवानी संग जयश्री चतवानी, मनीष वासवानी संग दिव्यांशी वासवानी, दिलिप मोतियानी संग हीना मोतियानी द्वारा सपत्नीक दोनो दम्पति ने मिलकर रक्तदान किया गया। पंचायत सरक्षक पीशु भाई मुलानी,अध्यक्ष विष्णु मेघानी, सचिव गिरधारी अमरवानी. सहित मदनगंज पंचायत से गिन्नी रामनानी. रमेश खेमानी नें सेवाएं दी एवं पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत से डॉ किशोर मंगनानी.एवं सिंधु नवयुवक संघ अध्यक्ष अशोक फतनानी सचिव करण मेघानी सहित सभी पदाधिकारियो द्वारा सेवाऐ प्रदान की गई।रक्तदान करने वालो को मोमेंटो स्मृति चिन्ह मनोज गुरबानी के कर कमलो द्वारा प्रदान किये गये एवं प्रशस्ति पत्र मनोज किशनानी (काली भाई ) द्वारा प्रदान किये गये।

## जिला स्तरीय परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला स्तरीय बैंकिंग परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसके साथ-साथ आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक भी हुई। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि समस्त बैंकर्स विभिन्न योजनाओं पर संवेदनशीलता के साथ व्यक्तिगत ध्यान देकर पेन्डेंसी खत्म करेंगे। आवेदकों को दस्तावेज पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें। योजनाओं की बैंक स्तर पर शाखावार समीक्षा होनी चाहिए। योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को निस्तारित करते समय सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स साख जमा अनुपात की वृद्धि पर ध्यान दें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के बकाया आवेदनों का जल्द से जल्द निस्तारण करवाना सुनिश्चत करें। अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों के खाते खोल कर बैंक लिंकेज तथा क्रेडिट लिंकेज को बढ़ाएं। इससे वार्षिक साख योजना को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्राी रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्रगति बढ़ाने के लिए प्रयास करें। प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत अथवा निरस्त करने के लिए तेजी से कार्य किया जाए। प्रधानमंत्राी विश्वकर्मा योजनान्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण प्रदान करें। इससे कमजोर वर्ग को आर्थिक सम्बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्राी स्वनिधि योजना में शाखाओं द्वारा ऋण आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करवाएं। पुराने प्रकरणों पर पुनः कार्यवाही की जाए। पहले के निरस्त किए गए आवेदनों का सत्यापन करें। उनमें से पात्रा व्यक्तियों को ऋण जारी करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में साइबर क्राइम ब्रांच के प्रभारी ने साइबर फ्रॉड एव डिजिटल अरेस्ट की जानकारी दी। साथ ही बैंक अधिकारियों से साइबर क्राइम से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की बैठक भी आयोजित हुई। इसके वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का अनुमोदन किया गया। साथ ही दिसम्बर 2025 तक किए गए कार्यों की समीक्षा हुई।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 को

**अजमेर।** जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में गुरूवार 19 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटीसी के वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। सरकार द्वारा जन अभियोग निराकरण के सम्बन्ध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिला स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था जिला मुख्यालय पर मार्च माह के तृतीय गुरूवार 19 मार्च को वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिले के समस्त ब्लॉक एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े रहेंगे। जनसुनवाई के लिए परिवादी प्रातः 10 बजे से पंजीकरण करवा सकते हैं।

## गैस संकट से हाल बेहाल, पीएम मोदी देश की जनता से मांगे माफी

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर संकट व महंगाई के मुद्दे को लेकर आज पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार जयपाल की अध्यक्षता में उत्तर विधानसभा के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी स्मारक पर दो घंटे का मौन सत्याग्रह किया। सभी कार्यकर्ताओं ने बाहों पर काली पट्टी बांधी और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ अपना जमकर गुबार निकाला। मौन सत्याग्रह के दौरान रामधुन भी चलती रही। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं के काली पट्टी बांधी और सत्याग्रह प्रदर्शन में बैठाया। सत्याग्रह के दौरान मीडिया से



बातचीत के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत विदेश नीति के कारण देश में तेल और गैस संकट के हालात पैदा हो गए है। पीएम मोदी ने जो भी देश की जनता से वादे किए, वो वादे पूरे नहीं किए। गैस संकट पर देश के बिगड़े हालात पर पीएम मोदी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते कहा कि अमेरिका, इजरायल व ईरान युद्ध के दौरान केंद्र की विदेश नीति पूरी तरह से फेल साबित हुई है। गैस के संकट के दौर में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए और देश की जनता सिलेंडर लेने के लिए लाइनों में खड़ी है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ सरकार ठोस कदम नहीं उठा पा रही है, जिससे विकट हालात बनते जा रहे है। सरकार को चाहिए कि जल्द गैस व तेल की किल्लत को दूर जनता को राहत प्रदान करे। अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और केंद्र और राज्य सरकार का जीना हराम कर देगी। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता सरकार की ईट से ईट बजा देगा। इस मौन सत्याग्रह प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार जयपाल, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रदेश सचिव डॉक्टर सुनील लारा, पूर्व विधायक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती, महेंद्र सिंह रलावता , द्रौपदी कोली व राजेश टंडन आदि नेताओं ने संबोधित कर केंद्र सरकार पर गुबार निकाला और गैस संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया।

## बार बार कंधा उतर जाने से पीड़ित की मित्तल हॉस्पिटल में हुई सफल सर्जरी

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** बार बार कंधा उतर जाने की समस्या से पीड़ित अजमेर के कुचील क्षेत्र स्थित ग्राम चीता खेड़ा निवासी एक युवक का मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, अजमेर में ऑर्थोस्कोपिक सर्जन डॉ अरुण राजपुरोहित ने न्यूनतम इनवेसिव ऑर्थोपेडिक प्रक्रिया से दूरबीन द्वारा ऑपरेशन किया । युवक को उपचार के तीसरे दिन हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। डॉ अरुण राजपुरोहित ने बताया कि युवक बार बार कंधे के डिस्लोकेशन की समस्या से लंबे समय से पीड़ित था। रोगी ने रूढ़िवादी उपचार किए किन्तु कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ। स्थाई उपचार के लिए हॉस्पिटल आने पर उसे बैंकार्ट सर्जरी के बारे में बताया गया। युवक को दूरबीन के जरिए की जाने वाली इस न्यूनतम इनवेसिव ऑर्थोपेडिक प्रक्रिया के बारे में सभी जानकारी दी गई एवं आवश्यक जांचें कराई गई। बताया गया कि इस सर्जरी में उसके कंधे पर किसी तरह का चीरा अथवा घाव नहीं होगा। दूरबीन के जरिए बिना रक्त बहाए यह सर्जरी की जा सकेगी। रोगी द्वारा सर्जरी के लिए सहमति देने पर उसका उपचार किया गया। डॉ अरुण राजपुरोहित ने बताया कि बैंकार्ट रिपेयर सर्जरी अजमेर के मित्तल हॉस्पिटल में पहली बार की गई है। उन्होंने बताया कि इस तरह के उपचार के लिए लोग अब तक अजमेर से बाहर जाया करते हैं। अब मित्तल हॉस्पिटल में ही कंधे व घुटने की दूरबीन से सर्जरी सफलता से की जा रही है। राज्य एवं केंद्र सरकार की योजना में इस तरह की सर्जरी का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पीड़ित युवक को इस सर्जरी की सलाह देने का मुख्य उद्देश्य कंधे के जोड़ में स्थिरता बहाल करना था। जिससे मरीज पूरी तरह से गति कर सकें और अव्यवस्था के डर के बिना अपनी सामान्य गतिविधियों में वापस आ सकें। उन्होंने बताया कि आमतौर पर यह सर्जरी ओपन बैंकार्ट एवं आर्थोस्कोपिक दोनों ही रूप से की जाती है यह मरीज की चोट और उसकी स्थिति देखने के बाद सुनिश्चित किया जाता है।

## रसद विभाग द्वारा 19 घरेलू गैस सिलेण्डर किए गए जब्त

**अजमेर।** जिले में घरेलु गैस सिलेण्डरों के अवैध उपयोग पाए जाने पर विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 19 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। सोमवार को वर्तमान अन्राष्ट्रीय परिस्थितियो के दृष्टिगत जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने एवं प्रभारी निगरानी के लिए जिला रसद अधिकारी प्रथम श्रीमती मोनिका जाखड़ के नेतृत्व में पुष्कर उपखण्ड के बूढ़ा पुष्कर रोड एवं लीला सेवड़ी क्षेत्र में विभिन्न होटल तथा ढ़ाबों से 14 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान वृत्ताधिकारी अजमेर ग्रामीण श्री रामचन्द्र चौधरी, थानाधिकारी पुष्कर श्री विक्रम राठौड़ मय पुलिस जाब्ता मौजूद रहे। अन्य होटल तथा ढ़ाबा संचालकों को भी घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग ना करने के लिए पाबंद किया गया।

## जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित

# कलक्टर ने नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और जनजागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्राण और नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर लोकबंधु ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पूर्व की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। साथ ही संदिग्ध क्षेत्रा जहां नशे का प्रचलन पाया गया है। ऐसे क्षेत्रों पर प्रभावी कार्यवाही कर आमजन में विश्वास उत्पन्न किया जाए। सूचना तंत्रा सुदृढ़ किया जाए एवं विभाग आपस में सूचनाओं का आदान प्रदान करे। बैठक में पुलिस, आबकारी, चिकित्सा, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। पुलिस विभाग ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्राण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और ड्रग्स सप्लाई चेन को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाएं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों को भी नियमित निरीक्षण किया जाए। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विशेष सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अलावा, माता-पिता और अभिभावकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि वे बच्चों में हो रहे किसी भी बदलाव को समय रहते पहचान सकें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर्स पर साइकोट्रॉपिक एवं शेड्यूल एच ड्रग्स की बिक्री बिना चिकित्सकीय पर्चे के नहीं हो। टर्माडोल और कोडीन के दुरुपयोग को रोकने के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। दवाई विक्रेता द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा एवं समाज कल्याण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर जागरूकता लाने के निर्देश दिए।

## अजमेर में होटल के रूफटॉप पर लगी भीषण आग



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर में एक होटल के रूफटॉप पर अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना के बाद भी संकरी गलियों के कारण दमकल वाहन मौके तक नहीं पहुंच सके। ऐसे में होटल कर्मचारियों ने ही टंकियों से पानी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आग की लपटें और धुआं उठता दिखाई दे रहा है। घटना दरगाह थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 4 बजे की है। जहां होटल कर्मियों की सूचना के बाद मौके पर दरगाह थाना पुलिस पहुंची। हालांकि, आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन सकरी गलियां होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौके पर नहीं पहुंच पाई। ऐसे में होटल के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों की मदद से काबू पा लिया है। आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल आग लगने के कारणों को लेकर दरगाह थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सन्त मत के माध्यम से विश्व के सन्त सदभावनापूर्वक मानव को स्वंय के कल्याण का मार्ग बताता हैं



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सन्त मत के माध्यम से विश्व के समस्त सन्त सदभावनापूर्वक मानव को स्वंय के कल्याण का मार्ग बताते हैं।मानव को अपने आप को पहचानने की सीख देते है।उपरोक्त विचार जन सेवा समिति और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने अजमेर के ख्वाजा मुईनुदीन हसन चिश्ति की दरगाह की अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियो को अजमेर के गरीब नवाज और अन्य आध्यात्मिक साहित्य राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमल सिंह डेरा ब्यास अमृतसर से प्रकाशित साहित्य भेंट करके विश्व में अमन चैन और भाईचारे के साथ शान्ति व्यवस्था के लिए सर्वधर्म प्रार्थना और दुआ की गई।इस अवसर पर सर्वधर्म समिति के सरदार बलबीर सिंह,श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष व अजमेर जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी,आल इण्डिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष बद्वरूद्वीन कुरेशी,रियाजुद्वीन कुरेशी, सैययद गफार हुसैन काजमी,सैययद एहतशाम चिश्ति,हाजी सद्वरूद्वीन कुरेशी, एवं अन्य के द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना करके विश्व शान्ति की प्रार्थना की।

## राजस्थान दिवस समारोह 2026 राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे जिले के लाभार्थी

**अजमेर।** राजस्थान दिवस 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रमों से जिले के लाभार्थी सीधे जुड़ेंगे। जिला कलक्टर श्री लोक बंधु में बताया कि राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अन्तर्गत मंगलवार 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इसका जिला स्तर पर सीधा प्रसारण जवाहर रंगमंच पर प्रातः 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा लाभार्थियों से संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बुधवार 18 मार्च को मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा उद्योगपतियों के साथ संवाद, ग्राउण्ड ब्रैकिंग तथा निजी क्षेत्र में रोजगार पत्र हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अजमेर में बनेगा आयुर्वेद विश्वविद्यालय, सर्किट हाऊस में बनेगा वीआईपी सूट

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने साझा की विकास योजनाओं की जानकारी, होली स्नेह मिलन समारोह हुआ आयोजित

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा रंगों के पावन पर्व होली की खुशियाँ साझा करने के उद्देश्य से सोमवार को होटल क्रॉसलेन में पत्राकार बंधुओं के साथ होली स्नेह मिलन एवं प्रीति भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पत्राकारों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक संवाद और विकास की जानकारी आमजन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देवनानी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्राी द्वारा प्रस्तुत बजट में अजमेर के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 38 वर्षों के बाद अजमेर में विश्वविद्यालय स्थापना का



विधेयक पारित हुआ है। इसमें आयुर्वेद के साथ योग, नेचरोपैथी तथा होम्योपैथी जैसे विषयों का अध्ययन-अध्यापन भी प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजमेर के सर्किट हाउस में बड़ा कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी सूट सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही अजमेर नगर निगम क्षेत्रा के ग्राम हाथीखेड़ा-बोराज में पेयजल व्यवस्था के लिए 28 करोड़ रुपये, राजस्व मण्डल के नवीन भवन के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये, शहर के ड्रेनेज सिस्टम के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये तथा जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुष्कर घाटी मार्ग के लगभग 6 किलोमीटर चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं तारागढ़ किले को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे यह स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन सकेगा। इसके साथ ही स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर आध्यात्मिक केन्द्र की स्थापना, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में महर्षि दयानन्द सरस्वती पैनोरमा का निर्माण तथा चामुण्डा माता मंदिर तक यात्री रोप-वे की डीपीआर तैयार कराने जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में माकड़वाली क्षेत्रा में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना, आनासागर के मानसून अधिशेष जल और एसटीपी के परिष्कृत पानी को फूलसागर कायड़ होते हुए रूपनगढ़ तक बाढ़ संरक्षण एवं सिंचाई परियोजना से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा। इससे लगभग 1200 हेक्टेयर क्षेत्रा में सिंचाई सुविधा और औद्योगिक उपयोग के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। देवनानी ने बताया कि जिले में पालरा, छातरी, नटूटी, पनेर, रूपनगढ़ आदि एनिकट कार्यों के साथ-साथ दादू सागर, गऊसागर, रूपसागर, गोपाल सागर, रसूलपुरा, माकड़वाली और चाचियावास सहित अजमेर के विभिन्न तालाबों व जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और ड्रेनेज सुधार के कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अजमेर और जयपुर में आमजन व पर्यटकों के लिए सुविधा केन्द्र, अजमेर सहित 5 शहरों में स्मार्ट पार्किंग, तथा अजमेर सहित 16 जिलों में मॉडल उद्यानों को ऑक्सीजोन के रूप में विकसित करने की योजनाएँ भी स्वीकृत की गई हैं। स्वास्थ्य क्षेत्रा में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जेएलएन चिकित्सालय सहित अन्य अस्पतालों में 12 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, तथा मरीजों और उनके परिजनों के लिए अत्याधुनिक विश्राम गृह स्थापित किए जाएंगे।

## सम्पादकीय...

### एसआईआर की आंधी में ममता का किला डगमगाएगा



पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है। एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी। तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

1866: आगरा उच्च न्यायालय की स्थापना की गई
1959: दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत पहुंचे
1987: सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया
1994 – रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय।
2006: अमेरिका ने भारत को एक भरोसेमंद साझीदार घोषित किया।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान।
◆अब आएगा मजा।
❑राहुल गांधी ने काशीराम को भारत रत्न देने के लिए मोदी को पत्र लिखा।
◆सरकार की मुसिबत बढ़ा दी।
❑मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश को निष्पक्ष चुनाव का किया वादा।
◆सो सो चूहे खाकर बिली हज को चली।
❑मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।
◆पूरी दुनिया की नींद उड़ा कर।
❑पश्चिम बंगाल में पुजारी और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया।
◆मणि शंकर अय्यर ने कहा मोदी के खिलाफ जातिवादी टिप्पणी नहीं उनके चरित्र पर टिप्पणी की थी।
❑कभी-कभी आदमी को कांच दिखाना भी गलत होता है।
◆पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज बोले भारत पाकिस्तान को ना सिखाएं।
❑सीखने के लिए अकल की जरूरत होती है।
◆शिक्षा होना चाहिए अनावश्यक बोझ ना डालें।
❑शिक्षा प्रणाली पर अदालत की टिप्पणी शिक्षा का असली उद्देश्य सीखना होना चाहिए अनावश्यक बोझ ना डालें।
◆किताब कॉपी में स्कूलों का कमीशन होता है।

*..............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### मंगलवार 17 मार्च, 2026



**मेष राशि:** आज के दिन तनाव व चिंता की कुछ घटनाएं हो सकती हैं लेकिन मन शांत रखकर समस्याओं से पार पा लेंगे। प्रोफेशन में परिवर्तन चाहते हैं। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी।




**वृषभ राशि:** अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी।




**मिथुन राशि:** रोज़ नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ-परख कम होगी। पिता के साथ आज कल अच्छी घुल मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।



**कर्क राशि:** आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। किसी भी विवाद से बचें।




**सिंह राशि:** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। अतिविश्वास हानिकर सिद्ध होगा।




**कन्या राशि:** किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है।




**तुला राशि:** प्रिय आज आप जल्दबाजी में कार्यों को अंजाम देने से बचें। अपने करियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं, संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे।



**वृश्चिक राशि:** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा। सोच विचार कर व्यापार करें अन्यथा अचानक हानि संभावित है।




**धनु राशि:** आपके हौसले से ही आप प्रगति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता अस्वस्थ रह सकते हैं, उनका ध्यान रखें। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।




**मकर राशि:** रुक कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिग? सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। कार्यसिद्धि होगी।



**कुम्भ राशि:** कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। कार्यसिद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन लाभ होगा।



**मीन राशि:** आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# नवसंवत्सर पर विशेष आलेख : वर्ष प्रतिपदा: भारतीय नववर्ष का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्सव



**देवेंद्र सिंह**

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य, परंपराओं के सम्मान और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, जिसे वर्ष प्रतिपदा या भारतीय नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से नवसंवत्सर का शुभारंभ होता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इसे उगादि या युगादि, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समाज में चेटीचंड, और मणिपुर में साजिबू चेइराओबा के रूप में मनाने की परंपरा है। 'युग' और 'आदि' शब्दों के मेल से बना 'युगादि' शब्द अपने आप में एक नए युग के आरंभ का प्रतीक है। यह केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में नवचेतना, नई आशा और नए संकल्पों का प्रारंभ भी है। भारतीय संस्कृति में समय को केवल दिनों और महीनों की गणना तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि उसे सृष्टि और प्रकृति के अनंत चक्र से जोड़ा गया है। यही कारण है कि नवसंवत्सर का प्रारंभ भी उस समय होता है जब प्रकृति स्वयं नवजीवन से भर उठती है। ज्योतिषाचार्य प. सुरेश शास्त्री के अनुसार पौराणिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने इस जगत की रचना का प्रारंभ किया था। इसलिए यह तिथि केवल नए वर्ष का आरंभ ही नहीं, बल्कि सृष्टि के उद्भव का भी प्रतीक मानी जाती है। इस दिन ब्रह्मा जी के साथ-साथ उनके द्वारा रचित समस्त सृष्टि—देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों—का स्मरण और पूजन किया जाता है। भारतीय दर्शन की विशेषता यह है कि इसमें प्रकृति के प्रत्येक तत्व को दिव्यता का स्वरूप माना गया है। यहां तक कि रोग और उनके उपचारों का भी स्मरण किया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि भारतीय संस्कृति जीवन को समग्र दृष्टि से देखने की शिक्षा देती है। पंचांगकर्ता ज्योतिषाचार्य पंडित अक्षय शास्त्री के अनुसार ज्योतिषीय दृष्टि से भी वर्ष प्रतिपदा का अत्यंत विशेष महत्व है। भारतीय पंचांग सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति के आधार पर निर्मित होता है, इसलिए इसे चंद्र-सौर पंचांग कहा जाता है। अमावस्या के बाद जब चंद्रमा की पहली कला प्रकट होती है, तब शुक्ल पक्ष की शुरुआत होती है और उसी का पहला दिन प्रतिपदा कहलाता है। चैत्र मास की यह प्रतिपदा ही नवसंवत्सर का प्रथम दिन मानी जाती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महान गणितज्ञ और ज्योतिषाचार्य भास्कराचार्य ने भी इसी दिन से दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए पंचांग की रचना की थी। ज्योतिष परंपरा में इस दिन से नए वर्ष के ग्रहाधिपत्य का विचार किया जाता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर वर्ष के सामान्य फल, वर्षा की संभावना, कृषि की स्थिति तथा सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों का अनुमान लगाया जाता है। इस दिन पंचांग सुनने की परंपरा भी प्रचलित है, जिसमें विद्वान ज्योतिषाचार्य आगामी वर्ष की संभावनाओं का वर्णन करते हैं। इस प्रकार नवसंवत्सर केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय खगोल विज्ञान और ज्योतिष परंपरा का भी एक महत्वपूर्ण आधार है। चैत्र मास का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यंत विशेष है। यह वह समय होता है जब शीत ऋतु के बाद वसंत अपनी पूर्णता पर होता है और प्रकृति नए जीवन से भर उठती है। वृक्षों और लताओं में नई कोपलें फूटती हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में ताजगी का संचार होता है। चंद्रमा को वनस्पतियों और औषधियों का राजा कहा गया है, क्योंकि उसकी शीतल किरणें प्रकृति को जीवनदायी ऊर्जा प्रदान करती हैं। यही कारण है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्षारंभ के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन घरों को सजाने-संवारने की भी विशेष परंपरा है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में लोग अपने घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाते हैं। आम के पत्ते समृद्धि, स्वास्थ्य और शुभता के प्रतीक माने जाते हैं। माना जाता है कि यह तोरण घर में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करता है और वातावरण को पवित्र बनाता है। महाराष्ट्र में यह पर्व गुड़ी पड़वा के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसे वर्ष के साढ़े तीन शुभ मुहूर्तों में गिना जाता है। इसी दिन से शालिवाहन शक संवत की भी शुरुआत मानी जाती है। लोककथाओं के अनुसार शालिवाहन नामक एक वीर युवक ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाकर उनमें प्राण फूंक दिए और शत्रुओं को पराजित किया। उसकी इस विजय की स्मृति में विजय ध्वज के रूप में 'गुड़ी' स्थापित करने की परंपरा शुरू हुई। एक अन्य मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान राम ने दक्षिण भारत की प्रजा को अत्याचारी शासन से मुक्ति दिलाई थी। इस विजय की खुशी में लोगों ने अपने घरों में ध्वज फहराए, जो आगे चलकर गुड़ी पड़वा की परंपरा बन गई। भारत की विविधता इस पर्व के उत्सव में भी दिखाई देती है। अलग-अलग क्षेत्रों में इसे अलग नामों से मनाने के साथ-साथ विशेष व्यंजन भी बनाए जाते हैं। आंध्र प्रदेश में 'उगादि पच्चड़ी' नामक प्रसाद तैयार किया जाता है, जिसमें गुड़, नीम के फूल, इमली, नमक और कच्चा आम मिलाया जाता है। इन छह स्वादों का मिश्रण जीवन के विभिन्न अनुभवों—मिठास, कड़वाहट, खट्टापन और संतुलन—का प्रतीक है। कर्नाटक में युगादि पर घरों में नीम की कोपल और गुड़ का प्रसाद खाया जाता है, जिसे 'बेवू-बेला' कहा जाता है। यह प्रसाद जीवन के कड़वे और मीठे अनुभवों का प्रतीक है और हमें यह संदेश देता है कि जीवन में आने वाले सुख-दुःख को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। वहीं महाराष्ट्र में पूरन पोली नामक पारंपरिक मीठा व्यंजन बनाकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं। कश्मीर में कश्मीरी पंडित समुदाय इस दिन नवरेह के रूप में विशेष पूजा-अर्चना करता है, जबकि सिंधी समाज में यही पर्व चेटीचंड के रूप में मनाया जाता है। वर्ष प्रतिपदा से आरंभ होने वाला यह उत्सव आगे चलकर चैत्र नवरात्र और रामनवमी के साथ अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचता है। इन नौ दिनों में देवी शक्ति की आराधना और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया जाता है। इस प्रकार यह पर्व केवल नए वर्ष का स्वागत नहीं, बल्कि भक्ति, साधना और आत्मशुद्धि का भी अवसर बन जाता है। वास्तव में नवसंवत्सर हमें यह सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन और नवता को स्वीकार करना ही विकास का मार्ग है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और आने वाले वर्ष के लिए शुभ संकल्प लेते हैं। यह परंपरा हमें यह भी याद दिलाती है कि हर नया वर्ष आत्मचिंतन और आत्मविकास का एक अवसर लेकर आता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय संस्कृति की उस गहन जीवनदृष्टि का प्रतीक है जिसमें प्रकृति, आध्यात्म और मानवीय जीवन एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह तिथि हमें याद दिलाती है कि जैसे प्रकृति हर वर्ष नए रूप में खिल उठती है, वैसे ही हमें भी अपने जीवन को नई ऊर्जा, नई आशा और नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा( भारतीय नववर्ष ) : नव-आशा, नव-ऊर्जा और नव-संस्कृति का संदेश



**-सुनील कुमार महला**

हमारी सनातन,अद्भुत और सुंदर भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों का सम्मान करने और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक पवित्र और महत्त्वपूर्ण पर्व है नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष), जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी या युगादि, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड तथा मणिपुर में साजिबू चेइरा ओबा के रूप में इसे उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

**वर्ष 2026 ( संवत 2083 ) है 'रौद्र संवत्सर' :** इस साल यानी कि वर्ष 2026 में हिंदू नववर्ष अर्थात विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी। गौरतलब है कि जिस दिन नववर्ष आरंभ होता है, उस दिन का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है और इस बार नववर्ष गुरुवार को होने के कारण वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति (गुरु) माने जाएंगे, जबकि मंत्री का पद मंगल ग्रह के पास रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार राजा गुरु होने से धार्मिक गतिविधियों और ज्ञान में वृद्धि होगी, वहीं मंत्री मंगल होने के कारण समाज में साहसिक निर्णयों के साथ कुछ उग्रता भी दिखाई दे सकती है। इस वर्ष का संवत्सर 'रौद्र' नाम से जाना जाएगा, जो उग्रता का संकेत देता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रौद्र संवत्सर में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव कृषि और फसलों पर पड़ सकता है। इसके साथ ही उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और मीन लग्न में वर्षारंभ होने से प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां भी बन सकती हैं।

**शक्ति की उपासना का भी पर्व है नवसंवत्सर:** यह समय चैत्र नवरात्रि के आगमन का भी होता है, जब शक्ति की उपासना के माध्यम से नई ऊर्जा और आध्यात्मिक बल प्राप्त किया जाता है। ठंड की विदाई और गर्मी की शुरुआत के बीच यह पर्व हमें सात्विक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है। जहां वर्तमान में अंग्रेजी कैलेंडर का वर्ष 2026 है, वहीं हिंदू नववर्ष 2083 होगा। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि शास्त्रों में इसे 'रौद्र संवत्सर' कहा गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने अपने प्रथम अवतार मत्स्य अवतार धारण किया था।

**उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है नवसंवत्सर:** आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में अपनी परंपराओं को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जनवरी से वर्ष की शुरुआत मानते हैं। जबकि भारतीय परंपरा में वर्ष का आरंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माना जाता है। दुर्भाग्यवश आज की युवा पीढ़ी को हिंदू पंचांग और महीनों के नामों तक की जानकारी कम होती जा रही है। उन्हें यह जानना चाहिए कि हिंदू पंचांग के महीनों में चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन प्रमुख हैं। चैत्र मास अंग्रेजी कैलेंडर के मार्च-अप्रैल के बीच आता है। वास्तव में जनवरी का महीना हिंदू पंचांग के अनुसार पौष मास होता है। प्राचीनकाल से ही चैत्र मास को नए कार्यों के आरंभ का समय माना गया है, क्योंकि यह वसंत ऋतु का महीना है। इस समय प्रकृति नवजीवन से भर उठती है। न अधिक ठंड होती है और न ही अधिक गर्मी। इसी कारण पुराने कार्यों का समापन और नए कार्यों की योजना इसी समय बनाई जाती थी। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहीखातों का नवीनीकरण और मांगलिक कार्यों की शुरुआत इसी समय होती है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रह, ऋतु, मास, तिथि और पक्ष की गणना भी चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ मानी जाती है। सूर्य की गति के अनुसार मेष राशि की शुरुआत भी इसी समय मानी जाती है। वास्तव में हिंदू कैलेंडर का प्रथम माह चैत्र और अंतिम माह फाल्गुन है, और विशेष बात यह है कि दोनों ही महीनों का संबंध वसंत ऋतु से है। यह ऋतु उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। चैत्र मास के अंतिम दिन पूर्णिमा को चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में स्थित होता है, इसी कारण इस महीने का नाम 'चैत्र' पड़ा। अमावस्या के बाद चंद्रमा मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में प्रकट होकर प्रतिदिन एक-एक कला बढ़ाता हुआ पंद्रहवें दिन चित्रा नक्षत्र में पूर्णता प्राप्त करता है। इसी खगोलीय स्थिति के आधार पर इस मास का नाम चैत्र रखा गया। 'संवत्सर' का अर्थ है ऐसा वर्ष जिसमें बारह महीने होते हैं। विक्रम संवत में महीनों की गणना दो प्रकार से होती है। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में अमावस्या के बाद नया महीना शुरू होता है, जबकि उत्तर भारत में पूर्णिमा के अगले दिन से नया महीना माना जाता है। इसी कारण होली के अगले दिन नया महीना तो आरंभ हो जाता है, लेकिन हिंदू नववर्ष लगभग पंद्रह दिन बाद शुरू होता है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सतयुग का आरंभ माना गया है। इस महीने में सूर्य अपनी उच्च राशि में होता है और वसंत ऋतु का आगमन होता है। इसलिए इसे 'भक्ति और संयम' का महीना भी कहा जाता है। इसी तिथि को ईरान में नौरोज के रूप में नया वर्ष मनाया जाता है। तिथि और पर्वों का निर्धारण करने वाले ग्रंथ निर्णय सिंधु, हेमाद्रि और धर्म सिंधु में इस तिथि को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मांड पुराण में भी इस दिन नए संवत्सर की पूजा का विधान बताया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं-महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंध में चेटीचंड, केरल में विशु, असम में रोंगाली बिहू आदि। इसी समय चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है और आगे चलकर रामनवमी तक उत्सव का क्रम चलता है।


**हिंदू नववर्ष का ऐतिहासिक, प्राकृतिक महत्व:** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व भी है। इसी दिन राजा रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, सिख परंपरा के द्वितीय गुरु गुरु अंगद देव का जन्म हुआ था। यह दिन आर्य समाज की स्थापना का दिवस भी है। इसके साथ ही सिंधी समाज के आराध्य संत झूलेलाल का जन्मदिवस और केशव राव बलीराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी इसी दिन माना जाता है।प्राकृतिक दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवधि में किसानों की फसलें पकने लगती हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह समय शुभ माना गया है और किसी भी नए कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह अत्यंत उत्तम मुहूर्त माना जाता है। इतिहास के अनुसार विक्रम संवत की शुरुआत 58 ईसा पूर्व उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने खगोलविदों की सहायता से व्यवस्थित रूप से की थी। विक्रम संवत का कैलेंडर सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति पर आधारित है। कहा जाता है कि बारह माह का वर्ष और सात दिन का सप्ताह रखने की परंपरा भी इसी कालगणना से विकसित हुई, जिसे बाद में यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने अपनाया।इसके विपरीत अंग्रेजी नववर्ष का संबंध रोमन शासक जूलियस सीज़र से माना जाता है, जिन्होंने ईसा पूर्व 45 में जूलियन कैलेंडर लागू किया और पहली जनवरी को वर्षारंभ घोषित किया।वास्तव में भारतीय नववर्ष प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और खगोलीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष केवल कैलेंडर परिवर्तन का प्रतीक है। यही कारण है कि चैत्र मास के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार दिखाई देता है-पेड़ों में नई कोपलें, फूलों की खुशबू और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में इस दिन घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

# पाँच राज्यों की चुनावी बिसात का 'पश्चिमी बंगाल' केन्द्रबिन्दु

**जयदेव राठी**

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों—पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी—में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिक गई है। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।पश्चिम बंगाल की राजनीति पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इन्कम्बेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। भाजपा ने पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है। किन्तु भाजपा का यह उत्थान मात्र संगठनात्मक कार्य का परिणाम नहीं है — इसके पीछे घुसपैठ का मुद्दा है, जो इस चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के धरातल पर ले जाता है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की लगातार हो रही हत्याओं से पश्चिम बंगाल के हिन्दू समुदाय में आक्रोश बढ़ रहा है। इस माहौल में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध लोगों की नाराजगी भी तीव्र हुई है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि असम, त्रिपुरा, गुजरात, कश्मीर और पंजाब की सीमाओं पर घुसपैठ नहीं होती — केवल बंगाल की सीमा पर क्यों होती है उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के कारण बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी पूरी नहीं हो पाई। यह आरोप-प्रत्यारोप का खेल केवल शब्द-युद्ध नहीं है — इसके पीछे करोड़ों मतदाताओं की भावनाएँ जुड़ी हैं।

# मिट्टी में मिला दिए गए माफिया अतीक-अशरफ की फरार पत्नियों पर योगी सरकार का शिकंजा



**-संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक के बाद एक होते घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जांच एजेंसियां अब किसी भी फरार अपराधी को बख्शने के मूड में नहीं हैं। बहुचर्चित शाइन सिटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर भगोड़े आर्थिक अपराधी राशिद नसीम को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी न केवल हजारों ठगे गए निवेशकों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आई है, बल्कि प्रयागराज में वर्षों से फरार चल रहे अन्य खतरनाक अपराधियों के लिए भी एक कड़ा संदेश बन गई है।राशिद नसीम शाइन सिटी समूह का अध्यक्ष बताया जाता है। उस पर आरोप है कि उसने रियल एस्टेट, निवेश योजनाओं और बहुस्तरीय विपणन के नाम पर हजारों निवेशकों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की ठगी की। वह वर्ष 2019 में नेपाल के रास्ते दुबई फरार हो गया था। देश छोड़ने से पहले उसने तीस करोड़ रुपये की रकम गुजरात की एक कंपनी के जरिये विदेश भेज दी थी। जनवरी 2026 में प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ यूएई अधिकारियों को एक विस्तृत आरोप-पत्र सौंपा था, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई।लखनऊ की विशेष न्यायालय ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट, लुकआउट सर्कुलर और इंटरपोल का लाल नोटिस भी जारी किया जा चुका था। इस पूरी कार्रवाई को जांच एजेंसियों की बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। राशिद नसीम की गिरफ्तारी ने प्रयागराज पुलिस की नींद उड़ा दी है। अब उन तमाम फरारों की तलाश तेज कर दी गई है जो वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंककर छिपते फिर रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी पहले से ही वांछितों की सूची में हैं। इन सभी के बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि इनकी गिरफ्तारी आखिर कब होगी।अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा भी उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल मानी जाती है। उसकी बहन आयशा नूरी ने इस वारदात के बाद अपने घर पर असद और गुड्डू को शरण दी थी, जिसका बंद कैमरे का दृश्य भी सामने आया था। शाइस्ता परवीन प्रयागराज के दामूपुर गांव की रहने वाली है। उसके पिता मोहम्मद हारून एक सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल हैं। शाइस्ता के खिलाफ अब तक चार मामले दर्ज हो चुके हैं। उसने कथित रूप से अपने बेटे असद और शूटर गुलाम को उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज से भाग जाने के लिए कहा था। पुलिस की एक सिपाही की बेटी का इस तरह माफिया की दुनिया में उतरना और फिर खुद कानून से भागते फिरना, यह कहानी समाज के उस पतन की तस्वीर है जो संगत और परिस्थितियों के बदलाव से इंसान को कहां से कहां ले जाती है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाइस्ता परवीन का नाम वांछितों की सूची में डाल दिया है और उसके बारे में जानकारी देने वाले को पचास हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई है।

# बढ़ती महंगाई और गैस किल्लत के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सहित विभिन्न गैसों की किल्लत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामलाल जाट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंत में प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। गांधी भवन से निकली रैली आंदोलन की शुरुआत गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से हुई। जिलाध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पैदल रैली के रूप में रवाना हुए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों और



सब्जी मंडी से होती हुई जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'महंगाई मुक्त भारत' और 'गैस किल्लत दूर करो' जैसे नारों के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। **चूल्हा जलाकर जताया विरोध** प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने लकड़ी से चूल्हा जलाकर महंगाई और गैस की कमी के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध जताया। साथ ही कांग्रेस शासनकाल में रसोई गैस की कीमत और वर्तमान कीमतों की तुलना कर आमजन को जागरूक किया गया। आम आदमी का जीना हुआ मुहाल - रामलाल जाट जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामलाल जाट ने कहा कि आज आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। एक ओर रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में गैस की भारी किल्लत है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन को और उग्र करेगी।

पुतला दहन कर जताया आक्रोश प्रदर्शन के अंत में आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया। **बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद** इस दौरान कैलाश व्यास, अक्षय त्रिपाठी, दुर्गेश शर्मा, ओमप्रकाश नरानीवाल, गायत्री त्रिवेदी, मधु जाजू, चेतन डीडवानिया, महेश सोनी, सुशीला सालवी, रणदीप त्रिवेदी, मंजू पोकरना, राजू डीडवानिया, ओमप्रकाश तेली, आशीष राजस्थला, सुरेश बंब, अर्चना दुबे, शंकर कुमावत, शंकरलाल जाट, प्रकाश ओझा, भेरूलाल बैरवा, श्यामलाल गुर्जर, चंद्रप्रकाश अमरवाल, श्यामलाल पुरोहित, योगेश सोनी, हरफूल जाट, जितेंद्र राजावत सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, पूर्व पदाधिकारी, पंचायत राज जनप्रतिनिधि, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधानसभा में सर्वाधिक 137 प्रश्न उठाने वाले पहले विधायक बने अशोक कोठारी

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सदन में कुल 137 प्रश्न उठाए, जिससे वे भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे पहले विधायक बन गए हैं जिन्होंने सबसे अधिक प्रश्न लगाए हैं। इनमें 37 तारांकित, 55 अतारांकित, 18 पर्ची के माध्यम से, 14 नियम 50 के तहत स्थगन प्रस्ताव, 10 नियम 131 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा 3 नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव शामिल हैं। विधायक कोठारी ने भीलवाड़ा से जुड़े कई अहम मुद्दे जैसे नगर विकास न्यास की भूखंड लॉटरी, 100 फीट रोड, पत्रकार व अधिवक्ता हित, गौशालाओं को अनुदान, घुमंतु समाज को पट्टे और सामाजिक संस्थाओं को रियायती भूखंड आवंटन सदन में उठाए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शहरी विकास और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक कोठारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को सदन में उठाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

*बूंदी विधानसभा स्तर का तालेड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन आयोजित*

## मोदी ने विश्व स्तर पर भारत के मान को घटाया : विधायक शर्मा



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** तालेडा में उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बूंदी विधानसभा स्तर पर केंद्र की भाजपा सरकार की गलत विदेश नीतियों की वजह से बढ़ती महंगाई और रसोई गैस मूल्य वृद्धि व गैस आपूर्ति बाधित होने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तालेडा एवं बूंदी द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन को बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष महावीर मीणा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के दौरान बूंदी विधायक हरि मोहन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर भारत के मान को ठेस पहुंचाने पहुंचाइये। यह डबल इंजन की सरकार केंद्र और प्रदेश में पूर्णतया फेल हो गई है। आज पूरे देश में गैस सिलेंडरों की जो मारामारी हुई है वह कभी भी देखने को नहीं मिली। मोदी जी का नारा है मोदी है तो मुमकिन है लेकिन आज पूरा देश देख रहा है कि मोदी के राज में पूरे देश में खाहा नहीं बन पा रहा है। आज भारत का नागरिक आर्थिक समस्या से जूझ रहा है। ऐप्सटीन फाइल में मोदी सहित मंत्रियों के नाम आने के बाद इस देश को अमेरिकी के सामने घुटना ठेकना पड़ा। अब भारत को किसी वस्तु के आयात व निर्यात की परमिशन अमेरिका से लेनी पड़ेगी। इस डबल इंजन की सरकार ने विश्व गुर भारत की यह हालत बना दी है। आज पूरे देश की जनता महंगाई से परेशान है। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने कहा कि यह पहला अवसर ह कि रसोई गैस तथा जनता पर डाली जा रही महंगाई के बोझ से जनता त्रस्त है तथा जनता में भयंकर रोष व्याप्त है! पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि देश में अपनी लोकप्रियता और दिखावा करने वाला नरेंद्र मोदी आज सरेंडर हो गया। आज पूरे देश में गैस सिलेंडरों की बड़े स्तर पर कमी आ गई है। जिससे हर घर में खाना बनाने की बड़ी समस्या उत्पन्न हुई। लेकिन मोदी को तो आने वाले पांच राज्यों के चुनाव की चिंता है। इस विकराल समस्या के समाधान करना तो डर उनको तो चुनावी सभा में भाग लेकर लोकप्रियता दिखाने में उत्सुक हो रहे हैं। विश्व स्तर पर भारत की जो प्रतिष्ठा थी आज उसको इन्होंने खत्म करने का काम किया है। धरना प्रदर्शन में नरेंद्र, सरेडर नरेंद्र सरेंडर, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी जैसे नारों को लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर सभी ने पुरजोर विरोध दर्ज कराया धरना प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूंदी के अध्यक्ष रामकरण मीणा, ब्लॉक कांग्रेस तालेड़ा अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौड पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जगरूप रंधावा मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली, प्रहलाद मीणा, मनवीर सिंह, धन्नालाल भील, पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रप्रकाश दाधीच, पंचायत समिति सदस्य बनवारी मीणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अशोक दाधीच, किशनगोपाल मीणा सरपंच बाबू भाई, बृज सुंदर श्रृंगी, पूर्व सरपंच जोधराज गुर्जर, पूर्व सदर आबिद खान, गुरु तेज रंधावा,पंचायत अध्यक्ष राजेश मेघवाल, हनीफ मंसूरी, हंसराज चौधरी, शिव प्रकाश चौधरी, शाहरुख मिर्जा, सज्जू हुसैन, सलाम मिलावत, अब्दुल क़य्यूम, हर्ष रंधावा, शराफत पठान, रामनिवास गुर्जर, सलीम कुरैशी, संजीव जैन, रामकिशन गुर्जर, हंसराज चौधरी, रामनिवास सुमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चित्तौड़गढ़ में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रशिक्षण सम्पन्न

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रभाग द्वारा डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को विद्यालयों में इंटर्नशिप के दौरान किए जाने वाले कार्यों, दायित्वों तथा शिक्षण की व्यवहारिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के उद्देश्य, विद्यालय में प्रशिक्षु की भूमिका, कक्षा अवलोकन, पाठ योजना बनाकर कक्षा शिक्षण, टीएलएम के प्रभावी उपयोग तथा प्रतिदिन इंटर्नशिप डायरी लेखन के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों—जैसे प्रार्थना सभा, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों—में सक्रिय



भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य राकेश कुमार पारीक ने दूरभाष के माध्यम से प्रशिक्षु विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंटर्नशिप शिक्षक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण चरण है, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक विद्यालयी वातावरण में शिक्षण का अनुभव प्राप्त होता है और वे दक्ष एवं संवेदनशील शिक्षक बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। वाइस प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही एक सफल शिक्षक की पहचान है। [illegible] प्रभागाध्यक्ष नीलम प्रजापति ने बताया कि इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षु शिक्षक कक्षा की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हैं और अपने शिक्षण कौशल को व्यवहारिक रूप में विकसित करते हैं।

## उपखंड अधिकारी ने किया पटवार घरों का औचक निरीक्षण, सफाई पर जताई नाराजगी

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और सरकारी कार्यालयों में कार्य कुशलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी डीडवाना ने क्षेत्र के विभिन्न पटवार घरों का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा की और लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों को सख्त हिदायत दी।?उपखंड अधिकारी ने डीडवाना, सिंघाना एवं कलवानी पटवार घरों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पटवारियों से रिकॉर्ड संधारण और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फसलों के सटीक आकलन के लिए क्रॉप कटिंग और गिरदावरी के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। आमजन की सुविधा के लिए रास्ते संबंधी



लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी और अव्यवस्थित फाइलें देखकर उपखंड अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि कार्यस्थल पर स्वच्छता का अभाव कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। उन्होंने संबंधित स्टाफ को तुरंत सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और कार्यालय का वातावरण सुधारने के कड़े निर्देश दिए।उपखंड अधिकारी ने कहा सरकारी कार्यालयों में आमजन के कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पटवारी मुख्यालय पर रहकर गिरदावरी और अन्य राजस्व कार्यों को समय पर पूरा करें ताकि किसानों और ग्रामीणों को परेशानी न हो इस वार्षिक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्तर पर चल रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति जानना था। उपखंड अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे ताकि प्रशासनिक तंत्र को और अधिक पारदर्शी और संवेदनशील बनाया जा सके।

## 5 माह से फरार अफीम डोडा चूरा सप्लायर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस थाना सुभाषनगर की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब पांच माह से फरार चल रहे अफीम डोडा चूरा सप्लायर को मध्यप्रदेश के मल्हारगढ़ से गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई पारसमल जैन के निर्देशन तथा वृताधिकारी माधव उपाध्याय के सुपरविजन में थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर 2025 को थाना मंगरोप पुलिस ने मंडपिया चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 12 कट्टों में भरा 224.25 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया था और चालक श्यामलाल को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि मादक पदार्थ का सप्लायर कुलवंत सिंह उर्फ शेरा उर्फ हरेंद्र है, जो घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने आरोपी को मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश) से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर कार्यषाला का आयोजन

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में उपखण्ड समुचित प्राधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं जिला नोडल अधिकारी व पीसीपीएनडीटी अधिनियम एंव चिकित्सको की गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 पर कार्यषाला आयोजित की गई। प्रषिक्षण का उदे्ष्य समुचित प्राधिकारीयों व चिकित्सको व निजी चिकित्सा संस्थानो को को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 की जानकारी देना था । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौडगढ डॉ ताराचन्द गुप्ता ने बताया की वर्तमान मे राज्य सरकार द्वारा जरिये अधिसूचना चिकित्सा विभाग के अधिकारियो को उपखण्ड समुचित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है, उक्त प्रषिक्षण मे समुचित प्राधिकारीयों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी एंव राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी मुखबिर योजना व भ्रूण लिंग परीक्षण की षिकायत के लिये विभाग द्वारा जारी किया गया व व्हाट्स अप नम्बर-97999 97795 की जानकारी भी दी गयी । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचन्द गुप्ता ने बताया कि प्रषिक्षण मे पंजीकृत एवं संचालित सोनोग्राफी केन्द्रों द्वारा पंजीकृत केन्द्रों पर अधिनियम के अनुसार अपनाये जाने वाले नियम व रिकॉर्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा समुचित प्राधिकारीयों को अधिनियम के अनुसार अपनाये जाने वाली आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। डॉ घनष्याम चावला अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी (प0क) ने सोनोग्राफी सेन्टर के संचालको को माँ योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी एंव गर्भवती महिलाओ की सोनोग्राफी नियत समय पर कूपन अनुसार करने के निर्देष प्रदान किये। षफीक इकबाल षेख जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक द्वारा द्वारा पीसीपीएनडीटी अधिनियम के कानूनी पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिषा निर्देषो, परिपत्रो के बारे में विस्तार से जानकारी दी प्रषिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रजनन एंव षिषु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रियंका वर्मा, डीटीओ डॉ राकेष भटनागर, डीपीएम विनायक मेहता, खुषवन्त कुमार हिण्डोनिया, डाटा मैनेजर, डॉ महेन्द्र बालोत, षिषु रोग विषेषज्ञ, डॉ अमित जैन, डॉ कमलेष जैन, डॉ ओपी भण्डारी, डॉ कृष्णा मेहता, डॉ पुनिता शर्मा, डॉ प्रतिभा सनाढ्य,डॉ सुमित शर्मा, डॉ वैभव जैन, डॉ शषि कान्त एंव निजी चिकित्सालयो के संचालक एंव चिकित्सक उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मण्डी प्रांगण मे आज से मण्डी प्रांगण में अवकाष रहेगा

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** सभी किसानों भाईयो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2026 मंगलवार को रंगतेरस, दिनांक 19.03.2026 गुरूवार को नवरात्री स्थापना, दिनांक 20.03.2026 को रमजान माह का षुर्क्रवार एवं चेटीचन्ड तथा दिनांक 21.03.2026 षनीवार ईदुलफित्तर होने से एवं दिनांक 22.03.2026 को रविवार होने के कारण मण्डी प्रांगण में अवकाष रहेगा। अतः कोई भी किसान भाई अपनी कृषि उपज मण्डी प्रांगण मे क्रय-विक्रय हेतु नहीं लेकर आवें। यह जानकारी मण्डी समिति के सचिव संतोष कुमार मोदी ने दी हैं ।

# पंच गौरव राज्य स्तरीय कबड्डी में बूंदी का दमदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल तक पहुंची बालक टीम

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** पंच गौरव - एक जिला, एक खेल' पहल के अंतर्गत सलूंबर में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बूंदी जिले की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बूंदी की बालक टीम ने अपने दमदार खेल के दम पर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंततः चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका टीम ने जुझारू प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के पहले ही मुकाबले में बूंदी बालक टीम ने मेजबान सलूंबर को 38-22 के अंतर से पराजित कर शानदार शुरुआत की। इस मैच में बूंदी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल, बेहतरीन तालमेल और सटीक रणनीति का परिचय देते हुए पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और प्रभावशाली जीत दर्ज की। खिलाड़ियों की फुर्ती, समन्वय और तकनीकी कौशल ने दर्शकों को भी खासा प्रभावित किया। इस जीत से टीम का मनोबल बढ़ा और आगे के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया। वहीं बालिका वर्ग में बूंदी की टीम ने अपने पहले मुकाबले में जयपुर की मजबूत टीम के विरुद्ध साहस और जुझारूपन के साथ खेल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले में बूंदी की बालिका टीम को 33-17 से



पराजय का सामना करना पड़ा, हालांकि खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान संघर्ष की भावना और खेल भावना का परिचय देते हुए अंत तक मुकाबला जारी रखा। बूंदी टीम के समग्र प्रदर्शन पर जिला कबड्डी संघ बूंदी के अध्यक्ष अक्षय हाड़ा ने वीडियो संदेश के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि बूंदी के खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस जज़्बे और समर्पण के साथ खेल का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। इस उपलब्धि को देखते हुए जिला कबड्डी संघ की ओर से जल्द ही इन खिलाड़ियों के लिए वर्षभर का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। साथ ही पूर्व अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं वर्तमान जिला खेल अधिकारी ब्यावर डॉ. दिनेश चौधरी ने भी दूरभाष पर खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित करते हुए उनके सकारात्मक और अनुशासित खेल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं।

## तिलक नगर में धूमधाम से मनाई गई महर्षि गौतम जयंती

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महर्षि गौतम ब्रह्म सेवा समिति, तिलक नगर ने गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन समिति अध्यक्ष गोपाल जोशी एवं अन्य पदाधिकारियों ने महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना और आरती की, इसके बाद सायंकाल सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ। दूसरे दिन वरिष्ठजनों और भामाशाहों का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया और महिलाओं, युवाओं व बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान महिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें बीना शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम स्नेह भोज के साथ समापन हुआ। न्यास अध्यक्ष ओम प्रकाश बच्छ ने सभी समाजजनों से 19 मार्च को सुबह 8:30 बजे आजाद चौक से शुरू होने वाली भव्य शोभायात्रा में सपरिवार भाग लेने का आह्वान किया।

# एआई और डीपफेक का बढ़ता खतराः आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराधी

## राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी- सावधान रहें, जल्दबाजी में पैसा ट्रांसफर करने से पहले जरूर करें पुष्टि

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ϟढ्ढ) और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। क्या है ϟढ्ढ और डीपफेक तकनीक उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ϟढ्ढ) ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है। इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे पहचानें साइबर ठगी के संकेत साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति फोन या मैसेज के माध्यम से 'अभी पैसे भेजो' या 'तुरंत ट्रांसफर करो' जैसे संदेश देता है तो सतर्क हो जाएं। कई बार अपराधी डर, घबराहट या गोपनीयता का हवाला देकर जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए दबाव बनाते हैं। इसके साथ ही ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी मांगना भी साइबर ठगी का स्पष्ट संकेत हो सकता है। अक्सर ठग पीड़ित को किसी अन्य व्यक्ति से पुष्टि करने से भी रोकने की कोशिश करते हैं। खुद को ऐसे रखें सुरक्षित राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या वीडियो पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई परिचित व्यक्ति पैसे मांगता है तो पहले उसके पहले से ज्ञात मोबाइल नंबर पर सामान्य कॉल करके जानकारी की पुष्टि जरूर करें। ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारी कभी भी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, वॉइस नोट या वीडियो अनावश्यक रूप से सार्वजनिक करने से भी बचें। ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सहायता के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी संपर्क किया जा सकता है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि तकनीक के इस दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास न करें और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## राजस्थान स्थापना दिवस के तहत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला

**उदयपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सोमवार को नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में जिला स्तरीय राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने जनजातीय समाज के विकास, परंपराओं के संरक्षण और शिक्षा व रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री



**छीपाबड़ौद,(हुक्मनामा समाचार)।** भारत विकास परिषद छीपाबड़ौद के सदस्यों ने सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए भामाशाह आकाश गोयल के सहयोग से छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की सामग्री प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। परिषद के सचिव विकास सोनी ने बताया कि ढोलम के मजरा सुल्तानपुरा एवं बींदाराडा के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कॉपी, पेन सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक महेन्द्र नागर, जिला समन्वयक धीरज बाठला, अध्यक्ष विक्रम सिंह हाड़ा, नरेंद्र बाठला, दीपक जैन, गिरिराज बंसल, नवीन नागर, आशीष बिंदल, चंदू शर्मा (ठेकेदार) सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## लखदातार नवयुवक मण्डल ने पुलिस लाईन्स चैराहे पर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ का सम्मान किया

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस लाईन्स लोहा खान क्षेत्र में लखदातार नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में क्षत्रिय फूल मालियान शिव मन्दिर,लोहाखान पुलिस लाईन्स से श्याम बाबा नगर भ्रमण ,बाबा की अखण्ड ज्योति,बाबा का भव्य दरबार,फूल और इत्र की वर्षा के साथ सैकडो कीसंख्या में श्रद्वालुओं ने नाचकर झूमकर गाकर ,1100 रक्षा सूत्रों का वितरण करते हुए ,क्षेत्र में श्री खाटू श्याम का दरबार सजाया गया,हनुमन जी की झांकी, राधा और कृष्ण की झांकी और अनेक अन्य झांकियों को सजाया गया। लखदातार नवयुवक मण्डल लोहाखान पुलिस लाईन्स के प्रमुख पदाधिकारियों के कर कमलो द्वारा व्यापारिक ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रणवीर सेनी के नेतृत्व में पुलिस लाईन्स चैराहे पर नगर भ्रमण यात्रा के पहुंचने पर श्री अजमेर व्यापारिक सैनी,आशीष शर्मा,चितलेश बंसल का श्री खाटू श्याम बाबा के दरबार का दुपटटा पहनाकर और माल्यार्पण करके अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

## बालाजी नगर विकास समिति माकडवाली रोड के तत्वावधान में बहिराणे की सवारी आगामी गुरूवार को

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** बालाजी नगर विकास समिति माकडवाली रोड के कालोनी क्षेत्र में आगामी 19 मार्च गुरूवार को चेटीचण्ड पूज्य श्री झूलेलाल जयन्ति के अवसर पर बहिाणे साहिब की सवारी का आयोजन किया जायेगा।अध्यक्ष गोविन्द अभिचन्दानी की अध्यक्षता में बालाजी नगर विकास समिति के समस्त पदाधिकारियो प्रथम उपाध्यक्ष हरीश अगनानी ने बताया कि सर्वसम्मित से निण्र लेकर 19 मार्च को चेटीचण्ड महोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया।कमेटी का गठन भी किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष गोविन्द अभिचन्दानी, हरीश अगनानी प्रथम उपाध्यक्ष, नरेश जोधानी पहलवान द्वितीय उपाध्यक्ष, बाल सिंह रावत प्रथम सचिव, प्रदीप कुमार रोचवानी द्वितीय सचिव, जय कुमार रूपचन्दानी प्रथम कोषाध्यक्ष, सोनू विशनानी द्वितीय कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य सुशील सोनी,संजय सिंधल,मनीष खटवानी,अशोक केसवानी,दिलीप सोनी,मुन्ना लाल भटट,पुनीत भाई आदि को सम्मलित किया गया है।

## व्यवस्थापकों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के दृष्टिगत अल्पकालीन फसली ऋण सम्बंधित बैंक शाखा में जमा करवाने की अपील

**नागौर,(हुक्मनामा समाचार)।** 16 मार्च दी नागौर सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के एमडी जयपाल गोदारा ने अपील करते हुए कहा कि समस्त ऋणी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए अल्पकालीन खरीफ फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। वर्तमान में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों की प्रदेश व्यापी हड़ताल होने के कारण ऋण जमा करने की प्रक्रिया में आ रही बाधा को देखते हुए, बैंक के प्रबंध निदेशक जयपाल गोदारा द्वारा ऋणी सदस्यों के हित में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है अतः सभी ऋणी सदस्य अपनी संबंधित बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना बकाया ऋण शीघ्र जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि समय पर ऋण चुकता करने वाले किसान ही सरकार द्वारा देय ब्याज अनुदान का लाभप्राप्त कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद ऋण जमा करने पर किसानों को ब्याज छूट का लाभ नहीं मिलेगा और वे अवधिपार (डिफॉल्टर) की श्रेणी में आ जाएंगे, जिससे भविष्य में नए ऋण की सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। अतः बैंक सभी सम्मानित समिति अध्यक्षगणों एवं समस्त ऋणी सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि हड़ताल की स्थिति को देखते हुए अविलंब अपनी सम्बंधित शाखा में जाकर ऋण जमा करें और ब्याज माफी का लाभ उठाकर स्वयं को डिफॉल्टर होने से बचाएं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कण्ट्रोल रूम प्रभारी प्रेमसुख (प्रबंधक वसूली प्रकोष्ठ) -9413039297 एवं सहायक प्रभारी ललित वैष्णव 7737480921 से संपर्क कर सकते हैं।

## घर से 21 घरेलू सिलेंडर और 2 मशीनें जब्त

**उदयपुर।** घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरुपयोग तथा कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में प्रशासन एवं रसद विभाग की टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। विभाग ने शहर में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में सिलेण्डर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी प्रथम सुश्री सृष्टि डबास (प्रशिक्षु आईएएस) के निर्देशन में रसद विभाग के सतर्कता दल ने अवैध गैस रिफिलिंग और जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई की। प्रवर्तन निरीक्षक विशेष मीणा, डॉ. हिमानी सिंह सोलंकी एवं डॉ. कोमल सिंह सोलंकी की टीम ने विनायक वाटिका के सामने उदयपुर-फतहनगर रोड स्थित एक मकान पर जांच की। इस दौरान मौके से 21 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए तथा दो गैस रिफिलिंग मशीनें स्थापित पाई गईं, जिनमें से एक मशीन से अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हुए पाया गया टीम ने दोनों मशीनों को जब्त कर लिया।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रियांश्यामदास के विद्यार्थी का इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए चयन



**कुचेरा,(हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रियांश्यामदास के कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थी विकास मेघवाल पुत्र श्री शोभाराम मेघवाल का चयन भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्तार खान कायमखानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने तथा नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से कक्षा 12 (पूर्व में 10 तक) के विद्यार्थियों को अपने वैज्ञानिक विचारों और मॉडलों के माध्यम से नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडल और उनके नवाचार से जुड़े विचारों को इंस्पायर अवार्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर अपलोड किया जाता है, जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान) मुकेश जमेरिया ने बताया कि विद्यालय के पांच विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों में से कक्षा 10 के विद्यार्थी विकास मेघवाल के मॉडल को श्रेष्ठ और उपयोगी मानते हुए चयनित किया गया है। उनके मॉडल में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

## मेघवाल समाज की कस्टोडियम भूमि पर भू-माफियाओं की नजर, परिषद ने मुख्यमंत्री शर्मा को भेजा ज्ञापन

**डीडवाना,(हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के प्रदेश महासचिव कालूराम गेणाणा ने ग्राम रामसाबासा (खालड़ा) में मेघवाल परिवारों के कब्जे वाली कस्टोडियम भूमि को बचाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भू-माफिया दलित समाज की इस पुश्तैनी भूमि को खुर्द-बुर्द करने की साजिश रच रहे हैं।परिषद के प्रदेश महासचिव ने बताया कि तहसील डीडवाना के ग्राम रामसाबासा (खालड़ा) में करीब 22 खसरा नंबरों की 19.7181 हेक्टेयर लगभग 60-70 बीघा भूमि कस्टोडियम श्रेणी में आती है। इस भूमि पर मेघवाल समाज के परिवार पिछले 100 से अधिक वर्षों से बिना रोक-टोक निवास कर रहे हैं और खेती-बाड़ी के जरिए अपना गुजारा कर रहे है।ज्ञापन के अनुसार, भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय जो लोग देश छोड़कर चले गए थे, उनके परिवारों की जमीनें सरकारी अधीन (कस्टोडियम) हो गई थीं। हालांकि, राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि आज भी उन्हीं लोगों के नाम दर्ज है जो पाकिस्तान चले गए। इसी तकनीकी खामी का फायदा उठाकर कुछ स्थानीय लोग और भू-माफिया, केवल कागजी खातों के आधार पर इस जमीन को बेचने का प्रयास कर रहे है। कालूराम गेणाणा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देशवाली समाज के कुछ लोगों ने भू-माफियाओं से मिलकर इस जमीन का कुछ हिस्सा बेच भी दिया है। यह भूमि उन दलित परिवारों की है जो एक शताब्दी से यहाँ रह रहे हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि केवल मेघवाल समाज के लोगों के कब्जे वाली जमीन को ही निशाना बनाया जा रहा है, जो सरासर अन्याय ।परिषद ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मेघवाल समाज के हितों की रक्षा के लिए कठोर न्यायिक कदम नहीं उठाए गए, तो समाज बड़ी संख्या में जन-आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

## दिल्ली में उमड़ा 'मिनी राजस्थान', यूनुस खान ने प्रवासी समाज को बताया संस्कृति का संवाहक

**डीडवाना।** राजधानी दिल्ली के छतरपुर स्थित अध्यात्म साधना केन्द्र में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। राजस्थानी मित्र मंडल और राजस्थान फाउंडेशन (दिल्ली चैप्टर) द्वारा आयोजित 'आपणी गणगौर' एवं 77वें राजस्थान स्थापना दिवस समारोह में प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी जड़ों से जुड़ाव का भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डीडवाना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री यूनुस खान ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक यूनुस खान ने कहा कि राजस्थान की माटी की खुशबू सात समंदर पार तक फैली है, जिसका श्रेय हमारे प्रवासी समाज को जाता है।

## बिजली बिल बकाया है तो सावधान! शुरू हुआ 'महाअभियान', अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे काउंटर

**डीडवाना,(हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार, डीडवाना उपखंड में बिजली बिलों की बकाया राशि की वसूली के लिए 16 मार्च से 31 मार्च तक एक विशेष 'वसूली महाअभियान' शुरू किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया हैं, वे तुरंत भुगतान करें, अन्यथा उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। महाअभियान के दौरान डीडवाना स्थित सहायक अभियंता कार्यालय के कैश काउंटर कार्य दिवसों के अलावा शनिवार और रविवार भी खुले रहेंगे। अवकाश के दिनों में काउंटर सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कार्य करेंगे, ताकि नौकरीपेशा और अन्य उपभोक्ता अपने बकाया बिलों का भुगतान आसानी से कर सकें।?सहायक अभियंता डीडवाना द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं के बिलों की बकाया राशि 500 रुपये से अधिक है, उन्हें अतिशीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है। भुगतान न करने की स्थिति में विभाग द्वारा कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी।

## प्रियंका सैनी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सेवा कार्य

**डीडवाना।** मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए प्रियंका सैनी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया गया। इस भावुक अवसर पर परिजनों ने शहर के विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर वहां रह रहे जरूरतमंदों के बीच समय बिताया और सेवा कार्य किए। परिजनों ने डीडवाना में संचालित स्वयंसिद्धा आश्रम सहित अन्य संस्थानों में जाकर वहां मौजूद बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों को आदरपूर्वक भोजन कराया। इस दौरान परिजनों ने न केवल भोजन परोसा, बल्कि उनके साथ समय बिताकर उनकी कुशलक्षेम भी जानी। आश्रम में मौजूद लोगों ने परिवार के इस सेवाभावी कार्य की सराहना की। प्रियंका सैनी के परिजनों ने बताया कि आज से चार वर्ष पूर्व जायल के समीप एक दुखद सड़क दुर्घटना में प्रियंका की असामयिक मृत्यु हो गई थी। उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए परिवार ने प्रतिवर्ष सेवा कार्य करने का संकल्प लिया है।

# ऑपरेशन शिकंजाः करौली में ऑनलाइन सट्टा किंग पर बड़ी कार्रवाई, 35 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्की की तैयारी

## होटल, मकान, जयपुर के फ्लैट, जमीन और फॉर्च्यूनर गाड़ी सहित करोड़ों की संपत्ति पर पुलिस का शिकंजा

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत करौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा किंग की करीब 35 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस ने इस मामले में होटल, मकान, जयपुर के फ्लैट, जमीन और लग्जरी गाड़ी सहित कई संपत्तियों को जब्त करने के लिए न्यायालय में आवेदन पेश किया है। संगठित अपराध के खिलाफ सख्त अभियान महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों और इनामी बदमाशों के खिलाफ प्रदेशभर में 'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज कैलाश चंद्र बिश्नोई के निर्देशन और जिला पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल के नेतृत्व में जिले में वांछित अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौन सिटी सत्येन्द्र पाल के सुपरविजन में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। सांप्रदायिक दंगे का मास्टरमाइंड और सट्टे का काला कारोबार पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि करौली निवासी अमीनुद्दीन खान उर्फ आमीन (50) न केवल ऑनलाइन सट्टे का बड़ा खिलाड़ी है, बल्कि वह वर्ष 2022 में करौली में हुए सांप्रदायिक दंगों का मुख्य षड्यंत्रकारी भी रहा है। आरोपी लंबे समय से करौली, हिण्डौन, गंगापुर सिटी और जयपुर में अपने एजेंटों के माध्यम से 'क्रिकेट लाइव गुरु ऐप' जैसे माध्यमों से करोड़ों का सट्टा कारोबार चला रहा था। हाल ही में हिण्डौन सिटी थाना पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया में चल रही 'बिग बैश लीग' पर सट्टा लगाते हुए इसके एजेंटों को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

ऑपरेशन शटर डाउन' के तहत अब तक इस गिरोह के 16 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। आय से कई गुना अधिक संपत्ति जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के पास मौजूद संपत्ति उसकी घोषित आय से कई गुना अधिक है। आरोपी के किसी वैध व्यवसाय या नियमित आय के स्रोत का पता नहीं चला है। अधिकांश संपत्तियां नकद राशि देकर खरीदी गई हैं और बैंक खातों में भी वैध आय के ट्रांजेक्शन नहीं पाए गए। धारा 107 बीएनएसएस के तहत कुर्की की कार्रवाई पुलिस ने आरोपी की संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक खातों की जानकारी, आयकर विवरण, वाहन दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार की है। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा अर्जित संपत्तियां अपराध से अर्जित आय से खरीदी गई हैं। इसके आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 107 के तहत संपत्ति कुर्क करने के लिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी की अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 35 करोड़ से अधिक की संपत्तियां चिन्हित पुलिस जांच में आरोपी की करीब 35 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चल-अचल संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जिनमें एक आलीशान होटल, एक मकान, जयपुर में दो फ्लैट, एक दुकान का भूखंड, 19 बीघा 7 बिस्वा जमीन और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी शामिल हैं। अपराध से अर्जित संपत्ति पर सख्त कार्रवाई एसपी सोनवाल का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई से न केवल अपराधियों की आर्थिक कमर टूटेगी बल्कि युवाओं को भी अपराध की दुनिया से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी। करौली पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा। पूरे ऑपरेशन में हिण्डौन सिटी के वृताधिकारी मुनेश कुमार, थाना सदर हिण्डौन के थानाधिकारी पुरुषोत्तमलाल, निरीक्षक हेमंत कुमार वर्मा, एएसआई गिरधारी सिंह, साइबर सेल के मनीष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चंद्रवरदाई नगर योजना के आवासीय भूखंड संख्या डी-29, क्षेत्रफल 299 वर्गगज के अन्तरिति स्व. श्री डॉ. रामजीलाल सिंह पुत्र स्व. श्री राजाराम सिंह की मृत्यु दिनांक 02.10.2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 20.09.2013 संलग्न कर स्व. श्री डॉ. रामजीलाल सिंह द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामांतरण हेतु श्री गौरव सिंह पुत्र डॉ. श्री वीरेंद्र सिंह निवासी भूखंड संख्या डी-29, चंद्रवरदाई नगर, अजमेर, राजस्थान-305003 ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और सरकारी रिकार्ड्स में उनका नाम दर्ज़ होना है। चूकि उपरोक्त वसीयत की लिखावट के समय श्री गौरव सिंह की उम्र 13 साल थी, आज की तारीख में उनकी उम्र 26 है और वे उपरोक्त संपत्ति के मालिक बनने योग्य हैं।

उक्त नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदक के नाम नामांतरण कार्यवाही की जा सकेगी। यह आम सूचना जनहित में सर्वसाधारण को सतर्क करने के उद्देश्य से प्रकाशित कराई जा रही है।

**योजना प्रभारी अधिकारी,**
**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-रोहिणा

**पंचायत समिति-जायल (नागौर)**

**क्रमांक:ग्रा.पं./निविदा/2025-26/25** **दिनांक : 13.03.2026**

**ई-निविदा सूचना /2025-26/04**

ग्राम पंचायत रोहिणा, पंचायत समिति जायल में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत करवाये जाने वाले निर्माण कार्य के लिए सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp. rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan. gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

**NIB No. -** ZNR2526A1314
**UBN No.-** ZNR2526WSOB01528

| | |
|---|---|
| **प्रशासक** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत-रोहिणा** | **ग्राम पंचायत-रोहिणा** |
| **पंचायत समिति, जायल** | **पंचायत समिति, जायल** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत-शाहपुरा

**पंचायत समिति-जवाजा**

**क्रमांक:/निविदा/निर्माण/2025-26/54** **दिनांक : 16.03.2026**

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत शाहपुरा में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यों की निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

**NIB No. -** PAB2526A0122
**UBN No.-** PAB2526WSRC00149

| | |
|---|---|
| **प्रशासक** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत-शाहपुरा** | **ग्राम पंचायत-शाहपुरा** |
| **पं.स. जवाजा (ब्यावर)** | **पं.स. जवाजा (ब्यावर)** |

### शिव महापुराण कथा के लिए घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रण देंगी मातृशक्ति

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में 8 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में होने वाली इस कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए कथा समिति कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। समिति कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने बताया कि समिति अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी तथा कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। महिला संयोजक मंजू पोखरना और अल्का जोशी ने बताया कि महिला कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल वितरित कर लोगों को कथा में आमंत्रित करेंगी। इसके लिए क्षेत्रवार समितियां बनाई जा रही हैं। कथा से एक दिन पहले 7 अप्रैल को शाम 4 बजे चित्रकूटधाम से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में 200 से अधिक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026: चुनावी पारदर्शिता का राष्ट्रीय मॉडल बन रहा राजस्थान



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मतदाता-केंद्रित बनाने की दिशा में निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा किए जा रहे नवाचार अब पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बनते जा रहे हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्ङ्क्र) के तहत राज्य में लागू की गई तकनीकी पहल और व्यवस्थागत सुधारों ने अन्य राज्यों का ध्यान आकर्षित किया है तथा उन्हें अपनाने की पहल भी शुरू हो गई है।इसी क्रम में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (स्ङ्क्र) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए उत्तराखण्ड के दौरे पर पहुंचे। वहां उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने अपने कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस दौरान आगामी स्ङ्क्र अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में उत्तराखण्ड निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी—अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदांडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राजस्थान में लागू की गई प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उत्तराखण्ड दौरे पर गई राजस्थान की टीम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी (आईटी) श्री एम. ए. तिवारी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र मीणा भी शामिल रहे।इससे पूर्व ओडिशा और महाराष्ट्र निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की टीमें भी राजस्थान आकर यहां संचालित स्ङ्क्र कार्यों का अवलोकन कर चुकी हैं। इन टीमों ने राजस्थान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत तथा पूर्णतः मतदाता-केंद्रित बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने यह भी माना कि मतदाता सूची की शुद्धता और व्यापकता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान द्वारा अपनाया गया मॉडल अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि विभिन्न राज्यों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया राजस्थान निर्वाचन विभाग के लिए उत्साहवर्धक है। यह प्रतिक्रिया विभाग को और अधिक सशक्त, आधुनिक और विश्वसनीय निर्वाचन प्रणाली विकसित करने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत राजस्थान में किए गए नवाचार अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों से न केवल मतदाता सूची की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी और अधिक मजबूत होगी।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय सब जूनियर छात्रा हॉकी प्रतियोगिता 22 मार्च से नोबल स्कूल कुचेरा में

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।**नागौर जिले के **(हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में 22 से 24 मार्च 2026 तक राज्य स्तरीय सब जूनियर छात्रा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता नोबल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, फिरोजपुरा फांटा (कुचेरा) में आयोजित होगी।जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष हरिराम कड़वासरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के सभी 41 जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता से चयनित टीम 1 अप्रैल से शुरू होने वाली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेगी।प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाड़ियों के आवास, भोजन और खेल मैदान की व्यवस्था नोबल स्कूल परिसर में ही की गई है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रविवार को नोबल स्कूल परिसर में जिला हॉकी संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष हरिराम कड़वासरा ने की। बैठक में जिला हॉकी संघ की सचिव रुकमा देवी, संयुक्त सचिव अशोक कुमार, सुरेश कुमार, गुटाराम, रामप्रकाश, अंदाराम, ओमप्रकाश, हनुमानराम कड़वासरा, महेंद्र मिरजास, प्रेमाराम, रामरतन जेठू, प्रकाश डूकिया, आनंद प्रकाश, शिवप्रकाश, बस्तीराम, प्रतापराम भाकर, हरलाल सिंह डूकिया सहित कई हॉकी प्रेमियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष हरिराम कड़वासरा ने बताया कि 22 मार्च को राजस्थान हॉकी संघ की बैठक भी नोबल विद्यालय परिसर में आयोजित होगी। इस बैठक में राजस्थान हॉकी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, सचिव डॉ. पवित्र सिंह बिश्नोई, संरक्षक रणजीत राम बिश्नोई, पूर्व जिला खेल अधिकारी अभिमन्यु चौधरी सहित प्रदेशभर से हॉकी संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे।

### बिडिक्चियावास मार्ग विवाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दर्ज करवाए मुकदमे

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** थाना क्षेत्र के अंसरी-बिडिक्चियावास मार्ग पर खेत जाने के रास्ते को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से अंसरी निवासी सोनू देवी पत्नी इन्द्रचन्द ने रिपोर्ट देकर बताया कि 15 मार्च को दोपहर करीब 3:30 बजे वह अपनी सास, देवरानी अनिता व देवर गोपाल के साथ गेहूं की फसल निकलवाने के लिए ट्रैक्टर व थ्रेसर लेकर खेत जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में बिडिक्चियावास-नीमड़ी क्षेत्र के भंवरलाल, रामदेव, शिवजी व जसराज ने रास्ता रोककर जातिसूचक शब्द कहे और लाठियों से मारपीट कर दी। रिपोर्ट में महिलाओं के साथ अभद्रता करने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मारपीट में घायल देवरानी, जो नौ माह की गर्भवती बताई गई है, को उपचार के लिए नसीराबाद से अजमेर रेफर किया गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ब्रिकचियावास निवासी गजराज पुत्र छोटूलाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसी दिन करीब 2:30 बजे उनके बड़े पापा भंवरलाल के पास सरकारी भूमि पर लगाए गए पौधों की तारबंदी को तोड़ते हुए कुछ लोग ट्रैक्टर से आए और पौधों को नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर सेठू व गोपाल ने भंवरलाल के सिर पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जांच वृताधिकारी ग्रामीण अजमेर को सौंपी है।

### माहेश्वरी समाज महिला मंडल की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन



**सरवाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में सोमवार को माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक मंडल माहेश्वरी भवन में अध्यक्ष इन्द्रा बिडला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समाज में महिला सहभागिता को बढ़ाने, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा सेवा कार्यों को सक्रिय रूप से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कृष्णा शारदा को अध्यक्ष, शशि जेथलिया को मंत्री, राजेश्वरी भूतड़ा को उपाध्यक्ष, हेमशिखा धुपड को सांस्कृतिक मंत्री, निर्मला भट्टड को संगठन मंत्री तथा पुष्पा बांगड़ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित महिलाओं ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा शारदा ने कहा कि महिला मंडल समाज के विकास, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में समाज में समय-समय पर सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जरूरतमंदों की सहायता और समाज में शिक्षा व संस्कारों को बढ़ावा देने के लिए भी महिला मंडल द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान रेणू पोरवाल, शिवकांता मालानी, ललीता मालानी, सुधा चौधरी, मिथलेश मालानी, संतोष मालानी, सारिका मालानी, पूनम मालानी, ममता डोडिया, शालिमा डोडिया, गरिमा डोडिया, ललिता कलन्त्री, रेखा तापडिया, गोरी डोडिया सहित महिलाए मौजूद रही।

## नवरात्रा मेला, आगामी त्यौहार को लेकर हुई बैठक

**इन्द्रगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस थाना इन्द्रगढ़ में पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कुमार नागर, इन्द्रगढ़ तहसीलदार रामभरोस मीणा व थानाधिकारी तेजपाल सैनी के निर्देशन में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, एवं शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आगामी नवरात्रा मेला की व्यवस्था, एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सदस्यों ने अपने अपने विचार रखें जिस पर सभी सदस्यों की राय जानने पर अधिकारियों ने आगामी त्यौहार नववर्ष, नवरात्रा स्थापना, ईद उल फितर, रामनवमी आदि की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए बैठक मे सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, शांति समिति के सदस्य, एवं इन्द्रगढ़ , सुमेरगंजमंडी, छत्रपूरा, मोहनपुरा, आदि के गणमान्य नागरिकउपस्थित रहे बैठक मे राजेंद्र गौतम, गिरिराज जैन, सन्मति हरकारा, प्रेमप्रकाश सैन, लोकेश सैनी, धन्ना लाल सैनी, सूरजमल सैनी, निलेश तिवारी, नवीन राठौर, श्याम पोरवाल, निखिल सोनी, मायाराम रायका, हरीश योगी, ख्वाजू भाई, महेंद्र सैनी, गणेश गौतम, लोकेश बंसल, सत्यनारायण जैन, श्याम दीक्षित,आदि मौजूद रहे

## भर्ती में अनियमितता की जांच को लेकर कर्मचारी महासंघ एकीकृत ने पूर्व विधायक डोगरा को सौंपा ज्ञापन



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** महिला बाल विकास विभाग की वार्ड 12 आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता गुड्डी ने भर्ती में अनियमितता रोकने को लेकर कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश महामंत्री अनीस अहमद की अगुवाई में आशा सहयोगिनीयो ने पूर्व विधायक अशोक डोगरा को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में लिखा है गुड्डी बानो वर्तमान में आशा सहयोगिनी के पद पर कार्यरत है । गुड्डी बानो ने बताया कि महिला बाल विकास बूंदी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वार्ड 12 के लिए आवेदन किया था जिसमें गुड्डी बानो का चयन कर प्रार्थिया नंबर चयन सूची में प्रथम स्थान पर था ,लेकिन विभाग द्वारा गुड्डी बानो के बाद वाली ममता खंगार का प्रशिक्षण में चयन कर उसका प्रशिक्षण चालू कर दिया है । गुड्डी बानो दिव्यांग होने के साथ साथ एएनएम का कोर्स भी कर रखा है । प्राथिया ने जब महिला बाल विकास में जाकर मालूम किया तो बताया गया आपका स्थान पर दूसरे का चयन कर लिया गया है । सोमवार को सभी आशा सहयोगिनी पूर्व विधायक डोगरा के पास पहुंची और दिव्यांग गुड्डी बानो को न्याय दिलाने की गुहार लगाई । पूर्व विधायक डोगरा ने आश्वत करते हुए कहा कि आपका कार्य नियमानुसार करवा दिया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अमित गौतम, मंजू सोनी, कलावती शर्मा, फातिमा बख्श, इंदिरा शेखावत, विजयलक्ष्मी ,कृष्ण गुप्ता, संतोष मौजूद रहै ।

## राजसखी मेला का भव्य समापन महिला उद्यमियों को किया गया सम्मानित

**झालावाड़, (हुक्मनामा समाचार)।** राजीविका द्वारा आयोजित राजसखी मेला का समापन समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि हर्षवर्धन शर्मा ने महिलाओं द्वारा संचालित स्टॉलों को महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में महिला शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। समापन समारोह के अवसर पर आयोजित लकी ड्रॉ को इंडियन बैंक, झालावाड़ द्वारा प्रायोजित किया गया। बैंक की ओर से ललित कुमार भील, राम सिंह, गौरव, बाला जी कंप्यूटर से तूफान सिंह तथा संतरा उत्कृष्टता केंद्र से भावना गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक बलवीर सिंह गुर्जर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मेले में लगाए गए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया। मेले में राजस्थान के 13 जिलों सहित उत्तर प्रदेश से आई महिला उद्यमियों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

## नई दिल्ली में 'आपणी गणगौर' समारोह, प्रवासी राजस्थानियों ने मनाया 77वां स्थापना दिवस



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** अध्यात्म साधना केन्द्र, छतरपुर में राजस्थानी मित्र मंडल और राजस्थान फाउंडेशन, दिल्ली चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में 77वें राजस्थान स्थापना दिवस और पारंपरिक 'आपणी गणगौर' कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। समारोह में देश-विदेश से आए करीब 10 हजार प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया, जबकि लगभग 1500 महिलाओं ने गणगौर पूजन और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डीडवाना विधाय एवं पूर्व मंत्री यूनुस खान ने प्रवासी राजस्थानियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रवासी समाज देश-विदेश में राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं का मान बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में लोकनृत्य और लोकसंगीत की प्रस्तुतियों ने माहौल को रंगारंग बना दिया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

## कमल रेस्टोरेंट से तेल मिर्च व हल्दी के नमूने लिए सफाई व्यवस्था पर नोटिस



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को चित्तौड़गढ़ रोड स्थित कमल रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट में उपयोग हो रहे खाद्य पदार्थों की जांच की गई और खाद्य तेल, लाल मिर्च पाउडर तथा हल्दी पाउडर के नमूने लेकर विधिवत सील किए गए। इन नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव ने संचालक को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया। विभाग ने आमजन से खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता व एक्सपायरी तिथि जांचने और मिलावट की आशंका होने पर विभाग को सूचना देने की अपील की है।

## कांग्रेस सेवादल का होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न ,रामचन्द्र चौधरी ने उठाए किसानों और क्षेत्रीय विकास के बड़े मुद्दे




**विजयनगर (हुक्मनामा समाचार)।** ,मसूदा विधानसभा कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं का एक विशाल और ऐतिहासिक सम्मेलन विजयनगर स्थित तेजस्वी होटल में सम्पन्न हुआजिसमें क्षेत्र के विकास, किसानों और पशुपालकों की समस्याओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे आयोजन में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास को लेकर ठोस मांगें रखीं।सम्मेलन के मुख्य अतिथि किशनगढ़ विधायक एवं अजमेर देहात कांग्रेस अध्यक्ष श्री विकास चौधरी थे, जबकि प्रमुख रूप से अजमेर लोकसभा 2024 के कांग्रेस प्रत्याशी एवं अध्यक्ष अजमेर डेयरी श्री रामचन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री हगामीलाल मेवाड़ा, कांग्रेस सेवादल विधानसभाध्यक्ष श्री रामलाल नगवाड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरुआत में ही कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों को खाद और उन्नत बीज समय पर तथा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाए जाएं ताकि उन्हें ब्लैक मार्केटिंग और कृत्रिम किल्लत का सामना न करना पड़े तथा नकली खाद और बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सम्मेलन में क्षेत्रीय और औद्योगिक विकास के मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विजयनगर में पहले की तरह सूती मिल (विजय काटन) को दोबारा स्थापित किया जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही मसूदा विधानसभा के मगरा क्षेत्र के विकास के लिए कम से कम दो से तीन सीमेंट फैक्ट्रियां स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया ताकि क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिल सके। आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए अजमेर-रतलाम रेलवे मार्ग के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। साथ ही विजयनगर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। विजयनगर क्षेत्र के औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यहां हवाई पट्टी (द्बह्यह्लह्लद्बश्च) के निर्माण की मांग भी रखी गई




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम स्थित वाल्मीकि मंदिर व हरि मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।

## जैसलमेर में ट्रेन की चपेट में आए 6 ऊंट, मौत

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** जैसलमेर जिले के लाठी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार देर रात पोकरण जा रही लीलण एक्सप्रेस की चपेट में आने से 6 ऊंटों की मौत हो गई। हादसे के बाद 2 ऊंट ट्रेन के इंजन के नीचे फंस गए, जिन्हें निकालने में रेलवे कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लाठी पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक पदमचंद गोयल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। मामले की जानकारी लाठी रेलवे स्टेशन को भी दे दी गई है।

**रात में ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा** गोरक्षक रणवीर सिंह, लाठी के अनुसार रविवार रात करीब 1 बजे ऊंटों का एक झुंड लाठी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी समय जैसलमेर से चली लीलण एक्सप्रेस वहां पहुंच गई। ट्रेन की तेज आवाज और हेडलाइट की रोशनी से ऊंट घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान ऊंट ट्रेन की चपेट में आ गए। इनमें से 5 ऊंटों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ऊंट ने बाद में दम तोड़ दिया।

टक्कर इतनी तेज थी कि दो ऊंट ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे की तरफ घसीटते हुए चले गए और इंजन के पहियों और निचले हिस्से में बुरी तरह फंस गए। टक्कर के कारण ऊंटों के इससे उनके शरीर पर गहरी चोटें आईं और कई जगहों पर मांस फट गया।

घटना होते ही लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, ताकि आगे और नुकसान न हो। ट्रेन रुकने के बाद चालक और रेलवे कर्मचारी नीचे उतरे और इंजन के नीचे फंसे ऊंटों को निकाला। इस काम में करीब 20 मिनट का समय लगा। तब तक ट्रेन ट्रैक पर ही खड़ी रही और यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए

# राज सखी मेला-2026 का शुभारंभ

## भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की अहम भूमिका- कन्हैया लाल चौधरी

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए राजीविका मिशन के तहत ''लखपति दीदी योजना'' का विस्तार किया है। अब महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रुपये का लोन मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण देश का आर्थिक आधार है। विकसित भारत/2047 को पूरा करने के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की भूमिका बहुत अहम है। महिला सशक्तिकरण की हमारी योजनाओं से उनके जीवन में नया बदलाव आ रहा है। चौधरी राजसखी मेला-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को टोंक जिला में राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए।




चौधरी ने जिले में राजीविका की महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा किए गए नवाचार ''डीएम विद दीदीज'' की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर राजीविका मार्ट का कॉंसेप्ट, कल्याण जी मंदिर डिग्गी में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए दुकान उपलब्ध कराने से लखपति दीदी के उत्पादों को व्यापक बाजार और आय के नये अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इसके लिए अपनी और से 50 लाख रुपये की घोषणा की।

**कैबिनेट मंत्री ने राज सखी मेले का अवलोकन कर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया-** कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने राज सखी मेले में राजीविका के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद दिल से रची हाथों से सजी कला का बेहतरीन उदाहरण दिया। उन्होंने इस कला से ज्यादा से ज्यादा राजीविका की महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कहा, ताकि अन्य महिलाए भी समूह से जुड़कर आगे बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह को महिला निधि बैंक से 1.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर कार्य की सुगमता के लिए खरीदी गई स्कूटी की चाबी सौंपी।

शिक्षा विभाग के पेंशन प्रकरणों का मौके पर होगा समाधान

## पहली पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल को

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के सेवानिवृत कार्मिकों के पेंशन संबंधी प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए अब वर्ष में 4 बार पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इसके तहत इस वर्ष की पहली पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल को किया जा रहा है। पेंशन अदालत में इस बार शिक्षा विभाग के सेवानिवृत कार्मिकों की पेंशन सम्बंधित समस्याओं के समाधान किया जाएगा। निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण महेंद्र सिंह भूकर ने बताया कि पेंशन अदालत का आयोजन संभाग स्तर पर किया जा रहा है। प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित पेंशनर अपना आवेदन पत्र मय संपूर्ण दस्तावेज 25 मार्च तक पेंशन विभाग, शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं संबंधित कोषालय में भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत में शिक्षा विभाग के सेवानिवृत कार्मिकों के किसी कारणवश निस्तारित नहीं हुए पेंशन प्रकरणों का अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया जाएगा। पेंशनर व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेंशन अदालत में जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत के लिए निर्धारित आवेदन पत्र शिक्षा विभाग एवं पेंशन विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

## 1 अप्रैल से शुरू होगी सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि जीन्स सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 20 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जा रही है। पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण उदय दीप सिंह राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6,200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-6001 भी उपलब्ध कराया गया है। वहीं, उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण शिरीष वी. चान्दे ने बताया कि पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल पर प्राप्त संदेश के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही अपनी एफएक्यू मापदण्ड की उपज संबंधित खरीद केन्द्र पर लेकर आएं। किसानों को यह भी ध्यान रखना होगा कि निर्धारित तिथि से अधिकतम 10 दिवस के भीतर ही उपज की तुलाई करवाई जा सकती है, ताकि समय पर उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जयपुर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 42 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां सरसों एवं चना की खरीद की जाएगी।

## जयपुर की स्क्रैप फैक्ट्री में ब्लास्ट

***4 मजदूर झुलसे, धमाके के साथ कंप्रेसर फटा, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया***

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की स्क्रैप फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से दहशत फैल गई। फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फटने पर आग की लपटें निकलने लगी। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने हादसे में झुलसे चार मजदूरों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। हादसा विश्वकर्मा के रोड नंबर-17 पर जैसलिया चौराहा के पास जगदंबा इंडक्शन प्राइवेट लिमिटेड स्क्रैप फैक्ट्री में सोमवार शाम करीब 5:30 बजे हुआ। कंप्रेसर मशीन में लोहे का स्क्रैप डालकर कर रहे थे प्रेस एसएचओ (विश्वकर्मा) रविंद्र सिंह ने बताया- फैक्ट्री में लोहे के स्क्रैप के बंडल बनाने के लिए इलेक्ट्रिक कंप्रेसर मशीन पर काम किया जा रहा था। कंप्रेसर मशीन में लोहे का स्क्रैप डालकर प्रेस किया जा रहा था। इस दौरान मशीन के पास चार मजदूर खड़े थे। स्क्रैप प्रोसेज के दौरान हीट के चलते अचानक कंप्रेसर में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फटने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। इससे निकली आग से मशीन के पास खड़े चारों मजदूर झुलस गए।

## टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी,एमबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण दें-विजय बैंसला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष और बीजेपी नेता विजय बैंसला ने प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जनजातीय उप योजना (टीएसपी) क्षेत्र में ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने का मुद्दा उठाते हुए सीएम भजनलाल शर्मा को चिट्ठी लिखी है।

विजय बैंसला ने टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस का आरक्षण नहीं मिलने को संविधान विरोधी करार देते हुए इसमें सुधार करने की मांग की है। टीएसपी क्षेत्र में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, उदयपुर के इलाके शामिल हैं। बैंसला ने लिखा- राजस्थान के टीएसपी क्षेत्र में रहने वाले एमबीसी, ओबीसी



और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लाखों युवा आज भी सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण से पूरी तरह वंचित हैं। टीएसपी में वर्तमान आरक्षण नीति के तहत एसटी को 45% और स्ष्ट को 5% आरक्षण मिलता है, जबकि बाकी 50% सीटें अनारक्षित रहती हैं। राजस्थान के गैर-टीएसपी क्षेत्रों में वर्तमान में एमबीसी 5%, ओबीसी 21% और ईडब्ल्यूएस को 10% आरक्षण मिल रहा है। यह असमानता सिर्फ ञ्रस्क क्षेत्र में जन्म होने से अथवा निवास के आधार पर है। जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(1), 16(1) और 16(2) का स्पष्ट उल्लंघन है।

बैंसला ने लिखा- भारत का संविधान राज्य को अपने नागरिकों के साथ क्षेत्रीय आधार पर भेदभाव करने का कोई अधिकार नहीं देता। संविधान में साफ लिखा है कि 'राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति के मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर होंगे। केवल धर्म, जाति, लिंग, वंश, निवास आदि के आधार पर किसी को अयोग्य नहीं माना जाएगा।

बैंसला ने लिखा- पिछड़ापन किसी पेड़, पत्थर या क्षेत्र का नहीं होता, पिछड़े वहां के लोग होते हैं।

## 18 मार्च 2026 को प्रस्तावित कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर स्थगित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवीन युवा नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत युवाओं को करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसरों से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से दिनांक 18 मार्च 2026 को युवा आवास परिसर, जयपुर में आयोजित होने वाला कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि उक्त शिविर की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी, जिसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी। संबंधित युवाओं एवं प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे आगामी

## सरकारी स्कूल में स्टूडेंट पर गिरा पंखा, दो घायल

प्रार्थना सभा के बाद रूम में पहुंचे थे बच्चे



मनीष पुत्र जबराराम मनीष पुत्र अर्जुन राम

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर के सरकारी स्कूल की क्लास में अचानक पंखा गिर गया। हादसे में दो स्टूडेंट घायल हो गए। प्रार्थना सभा के बाद बच्चे क्लास में पहुंचे। इसी दौरान हुक सहित पंखा दोनों बच्चों के सिर पर गिर गया। घटना के बाद क्लास में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल स्टाफ व आस-पास के लोग दोनों बच्चों को बाड़मेर के सरकारी जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह 10 बजे सांसियों का तला उच्च प्राथमिक स्कूल का है। हादसे में पहली क्लास के स्टूडेंट मनीष (5) पुत्र अर्जुनराम और दूसरी क्लास में पढ़ने वाले मनीष (6) पुत्र जबाराराम घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान एक स्टूडेंट अपनी दादी को देखकर रोने लगा। इस पर दादी उसे गोद में लेकर दुलारने लगी।

प्रार्थना सभा के बाद दोनों बच्चे क्लास में पहुंचे थे टीचर मुकेश अमन ने बताया- दोनों बच्चों का नाम मनीष है। एक छात्र फर्स्ट और दूसरा सेकेंड क्लास में पढ़ता है। दोनों की क्लास एक ही कमरे में चलती है। प्रार्थना सभा के बाद सभी बच्चे क्लास में जा रहे थे। ये दोनों स्टूडेंट क्लास में पहले पहुंचकर अपनी जगह पर बैठे थे, जबकि बाकी बच्चे पीछे आ रहे थे।

इसी दौरान लोहे के पैनल पर लगा पंखे का हुक टूट गया और इन बच्चों आ गिरा। ये देख दूसरे बच्चे घबरा गए और स्टाफ को बुलाया। स्कूल टीचर दोनों को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

बच्चे की दादी बोलीं- टीचर की लापरवाही, पड़ोसी बाइक पर लेकर आया सूचना पर घायल बच्चों के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। मनीष पुत्र अर्जुनराम की दादी चंपा देवी ने बताया- मैंने सुबह 9 बजे अपने बच्चे को तैयार कर स्कूल भेजा था। स्कूल हमारे घर के पास ही है। स्कूल के टीचर ने बताया कि मनीष को चोट लग गई है तो मैं दौड़ते हुए वहां पहुंची। हमारे पड़ोस में रहने वाला सुनील सिंह बाइक पर बच्चे को लेकर हॉस्पिटल पहुंचा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का किया निरीक्षण

# परिवादियों से फोन पर किया सीधा संवाद, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

विभागीय अधिकारी नियमित रूप से हेल्पलाइन पर आमजन की समस्याएं सुनकर करेंगे निस्तारण,

घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में अनियमितता बरतने वाली एजेंसीयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन को घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण करने के दिशा निर्देशों के क्रियान्वयन के क्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा कर परिवादियों से फोन पर सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उन्होंने परिवादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने डीडवाना कुचामन के परबतसर से तुक्कारम एवं सुरेश काला, सीकर से देवेन्द्र एवं कानाराम, बालोतरा से भोमाराम, किशनगढ़ (अजमेर) से संजय, सिणधरी से कानाराम, साहवा से अमर चंद एवं देवदास, सूरतगढ़ से राजेंद्र कुमार एवं हनुमान प्रसाद, कोटपुतली बहरोड़ से सुनील कुमावत एवं केकड़ी के लक्ष्मण से 181 हेल्पलाइन पर बात कर उनकी शिकायतें सुनी तथा त्वरित समाधान हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने परिवादियों से उनके क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी ली एवं प्रदेश में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति में अनियमितता बरतने वाली गैस एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

परिवादियों से संवाद की दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने ओटीपी के माध्यम से गैस सिलेंडर डिलीवरी ना करने तथा बुकिंग के दो से तीन दिन के अंदर गैस घरेलू गैस सिलेंडर ना पहुंचाने पर कठोर कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

साथ ही उन्होंने सभी परिवादियों से केवाईसी करवाने का आग्रह किया। उन्होंने परिवादियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रभावी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से हेल्पलाइन पर आकर स्वयं परिवादियों से संवाद करने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

इससे पहले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में विभिन्न शिकायतों के बारे में जानकारी ली। साथ ही हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जाना। इस दौरान उन्होंने प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों तथा संतुष्टि श्रेणियों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय अपनाए जाएं तथा परिवादियों से नियमित फीडबैक लिया जाए।

इस अवसर पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन के अधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK

# प्रतिमा का उद्घाटन ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों के प्रति हमारी आस्था और संकल्प का प्रतीक

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खानखेड़ा के शिक्षक दिनेश शर्मा ने अपने पुत्र गौरीज के 8 वें जन्म दिवस पर विद्यालय में मां सरस्वती का मंदिर निर्माण करवा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति स्थापना की। शिक्षक के पुत्र गौरीज का जन्मदिन भारतीय पद्धति से गणेश पूजन व नव स्थापित सरस्वती प्रतिमा का पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय के बालकों के साथ समरसता के वातावरण में मनाया और जन्म दिन पर बालक द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय के बालकों को उपहार स्वरूप मिट्टी की




गुल्लक देकर स्वदेशी के उपयोग का संदेश दिया गया। अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी यशवंत शर्मा रहे तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य महावीर सोनी ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा, प्रबोधक संघ प्रदेश प्रवक्ता नूतन तिवारी एवं संभाग मीडिया प्रभारी सुरेश बैरागी, बाबू लाल नागर रहे। एडीईओ यशवंत शर्मा ने कहा कि विद्यालय के नन्हें मुन्हे बालक ही आने वाले भारत का भविष्य है। इन्हें आवश्यकता केवल उनको प्रेरणा और अच्छी संस्कारयुक्त शिक्षा देने की है और ये संस्कार देने का कार्य केवल शिक्षक मात्र का नहीं अपितु अपने इस सम्पूर्ण समाज का है।

अध्यक्षता कर रहे संस्थाप्रधान महावीर सोनी ने कहा कि माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण केवल एक प्रतिमा का उद्घाटन नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों के प्रति हमारी आस्था और संकल्प का प्रतीक है। यह प्रतिमा यहाँ आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के महत्व की याद दिलाती रहेगी और उन्हें सदैव ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

शिक्षक दिनेश शर्मा ने बताया कि जन्मदिन पर उपहार लेने का नहीं बल्कि देने का भाव होना चाहिए इसी भाव के साथ यह मंदिर निर्माण भी गुल्लक के पैसों से ही संभव हुआ है। इसी सद्भाव से प्रेरित होकर एसएमसी सदस्यों ने मंदिर में सुरक्षा जाली लगवाने एवं मंदिर का रंग रोगन करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश शर्मा के माता पिता एवं परिवारिक सदस्य रामेश्वर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दुष्यंत शर्मा एवं स्टाफ साथी हनुमान सैनी, पिंकी गौतम, नूतन तिवारी तथा एसएमसी के अध्यक्ष बलराम जाट सहित गांव के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारी को मोहलेवासियो ने दिया ज्ञापन



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** उपखण्ड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया को ज्ञापन सौपा गया नगर पालिका अधीन में कबूतर खाना से जैन मंदिर तक की नालियां लंबे समय से अव्यवस्थित एवं जाम स्थिति में हैं। नालियों की उचित सफाई एवं मरम्मत नहीं होने के कारण गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है।

इससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है तथा क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है। साथ ही, इससे बीमारी फैलने की भी आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कि उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए कबूतर खाना से जैन मंदिर तक की नालियों की शीघ्र सफाई एवं व्यवस्थित मरम्मत करवाने की कृपा करें, ताकि गंदा पानी सड़क पर बहना बंद हो सके और आमजन को राहत मिल सके.जहाँ जैन समाज के साधु भी आये जिन्हे भी आवागमन मे दिकत हो रही हे उक्त ज्ञापन मे राजेश डागरीया दिलीप भाई वरखावत अम्पू जैन धुलेश्वर सहित सेकड़ो कि तादाद रहकर ज्ञापन सौपा गया

## स्थानीय विद्या एव सेंटा किड्ज़ स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अभिनव पहल

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय विद्या एव सेंटा किड्ज़ स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है।विद्यालय परिसर में 'खिलौना बैंक' और 'डिजिटल इंटरैक्टिव बोर्ड' युक्त वातानुकूलित कक्षाओं का भव्य उद्घाटन किया गया।?कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र दाधीच पूर्व जिला अध्यक्ष, शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने रिबन काटकर इन आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि खेल-खेल में शिक्षा देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।?संस्था निदेशक बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि ?नि:शुल्क सुविधा खिलौना बैंक के माध्यम से बच्चे अपने पसंदीदा खिलौने घर ले जा सकेंगे।?मोबाइल डिटॉक्स इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को घर पर मोबाइल और स्क्रीन से दूर रखकर शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय बनाना




है।?आधुनिक कक्षाएं बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी कक्षाओं को वातानुकूलित किया गया है, ताकि छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके इंटरैक्टिव बोर्ड की स्थापना से अब बच्चे रटने के बजाय डिजिटल माध्यम से विषयों को समझ सकेंगे। विद्यालय की इस पहल को अभिभावकों और शिक्षाविदों द्वारा काफी सराहना मिल रही है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में सात दिवसीय शिविर जारी रहेगा

**रियाबाडी शहर (हुक्मनामा समाचार)।** की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रथम सत्र में विद्यालय के सार्वजनिक वाचनालय की साफ-सफाई की गई और लाइब्रेरी साइन्स डाटाबेस विषय पर वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष रामअवतार ने विस्तृत जानकारी दी। व्याख्याता रूपाराम ने कहा कि



दूसरे सत्र में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए परिन्डे का निर्माण किया गया, जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। सायकालिन सत्र में पत्रकार इलियास खान ने 'मिडिया व पत्रकारिता' विषय पर विस्तृत वार्ता प्रस्तुत की, जिससे छात्रों को मीडिया की भूमिका के बारे में जानकारी मिली।शिविर प्रभारी सुगनाराम ने चौथे दिन की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी को आगे की गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं से जोड़ना और जीवन में नवाचार के साथ शिक्षा ग्रहण एवं प्रदान करना है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सहित छात्र छात्राए मौजूद रहे ।


## भींडर के प्रशिक्षु आर.पी.एस थानाधिकारी ने प्रसिद्ध नृसिंह भगवान के किए दर्शन



**भींडर (हुक्मनामा समाचार)।** के प्रशिक्षु आर.पी.एस थानाधिकारीर ामकुमार जी ने सोमवार सुबह नगर के आराध्य देव नृसिंह भगवान मंदिर पहुंचकर ठाकुर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर चौबीसा समाज भींडर के समाजजनों की और से आर.पी.एस थानाधिकारी को मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरना पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही इस वर्ष आगामी 30 अप्रैल 2026 को आयोजित नृसिंह चतुर्दशी पर होने वाले कार्यक्रम के लिए भी न्योता दिया और उस कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई ।इस दौरान पूर्व पार्षद नारायण व्यास,हितेश व्यास,राजेंद्र वेणावत मुकेश धर्माव त,गोपाल भोजावत,जगदीश काका ,मांगीलाल अजावत,कुलदीप विजावत,प्रकाश भोजावत, गोपाल भोजावत,जयदीप चौबीसा सहित समाजजन मौजूद रहे थे।

# ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम आज उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों के हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों के लिए कैडर अथॉरिटी एवं नियोक्ता का स्पष्ट निर्धारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।




सहकारिता विभाग द्वारा गठित समिति ने इस संबंध में संघर्ष समिति के संयोजकों से सुझाव भी प्राप्त कर लिए हैं, लेकिन पिछले तीन महीनों से संबंधित फाइलें प्रक्रियाधीन एवं लंबित हैं। कर्मचारियों ने इस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आदेश जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही ज्ञापन में केंद्रीय सहकारी बैंकों में ऋण पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों ने मांग की कि इन पदों पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों को प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत नियुक्ति समिति व्यवस्थापकों से ही की जाए तथा भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा की बाध्यता समाप्त कर जल्द प्रक्रिया शुरू की जाए। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि 10 जुलाई 2017 से पूर्व नियुक्त कार्मिकों के नियमितीकरण के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा 27 जुलाई 2022 को प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन समय की कमी के कारण कई जिलों के कर्मचारी इससे वंचित रह गए। ऐसे में नियमितीकरण की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की मांग की गई।

कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि समितियों में कार्यरत सभी श्रेणी के कार्मिकों—जैसे व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक, सेल्समैन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर—को नियमितीकरण का लाभ दिया जाए तथा इसके लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित की जाए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### खांडल विप्र छात्रावास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा जिला संगठन के निर्देशानुसार शास्त्री मंडल के तत्वावधान में खांडल विप्र छात्रावास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा तथा मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी रहे। र्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल ने की। पूर्व विधायक अवस्थी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए राष्ट्र को विकास के शिखर तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी और सामाजिक समरसता के साथ कार्य करने का संदेश दिया तथा सोशल मीडिया और तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर जोर दिया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा का इतिहास, विचारधारा, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और पार्टी की कार्यपद्धति जैसे विषयों पर विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मांगलियावास पुलिस ने गोला रामपुरा से अवैध खनिज पदार्थ ले जाता डंपर किया जप्त



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** थाना क्षेत्र के गोला रामपुरा से अवैध खनिज पदार्थ ले जा रहे डंपर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचित किया। थाना अधिकारी प्रशिक्षण आईपीएस दीपेंद्र सैनी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे अवैध खनिज खनन ,परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर दीवान बाबूलाल मीणा, कांस्टेबल संजय ,चालक रोशन सिंह, कांस्टेबल मुकेश और कांस्टेबल राजेंद्र की टीम बनाकर भिजवाई गई। अवैध खनिज पदार्थ भर कर जा रे डंपर को रुकवा कर उसके खनिज विभाग द्वारा वैद्य कागजों की जानकारी चाहने पर चालक द्वारा वैद्य कागज उपलब्ध नहीं करवाए गए। इस पर डंपर नंबर आरजे 36 जिए 8369 को जप्त कर थाने में सुरक्षित खड़ा करवाया गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस ने खनिज विभाग को सूचित कर दिया। थाना अधिकारी दीपेंद्र सैनी ने बताया कि अवैध खनिज खनन भंडारण और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही क्षेत्र में जारी रहेगी।

### सदर निम्बाहेड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही रूसवा करोड़ की अवैध कच्ची चांदी बरामद

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले मे संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए थाना सदर निम्बाहेड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार में स्किम बना छिपा रखी करीब सवा करोड़ रुपये मूल्य की 54 किलो 540 ग्राम संदिग्ध कच्ची चांदी की सिल्ली (ईंटें) जब्त की है। पुलिस ने चांदी के परिवहन में प्रयुक्त एक ब्रेजा कार भी जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए की जाने वाली कार्यवाही के तहत एएसपी मुख्यालय सरिता सिंह के निर्देशन में थाना सदर निम्बाहेड़ा पुलिस द्वारा सदर थाने के सामने नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान थानाधिकारी संजय शर्मा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम एएसआई सुन्दरपाल, कानि. दयाराम, श्यामलाल, प्रवीण कुमार व ओपीलाराम द्वारा एक ब्रेजा कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार के अंदर गियर बॉक्स के नीचे विशेष रूप से बनाई गई लगभग 2.5 फीट लंबी व 1.5 फीट चौड़ी स्कीम (गुप्त खांचा) में छिपाकर रखी 08 चांदी की सिल्ली बरामद हुई। आरोपियों से चांदी के संबंध में कोई वैध बिल या अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर पुलिस ने चांदी की सिल्ली को जब्त कर लिया, जिसका कुल वजन 54 किलो 540 ग्राम पाया गया। बरामद चांदी की अनुमानित कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से तीनों आरोपियों बाबूलाल पुत्र लालाराम सिरवी (48 वर्ष) निवासी बेरा नकोड़ा कानेचा पोस्ट खराड़ी थाना जेतारण जिला ब्यावर, हाल बिंजवाड़िया रोड वार्ड नं. 01 बिलाड़ा थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर, रतनलाल पुत्र भंवरलाल सिरवी (49 वर्ष) निवासी राठौड़ों का मगरा बिलाड़ा थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर व नवनाथ पुत्र हनुमंत पंवार (32 वर्ष) निवासी गोरडवाड़ी थाना मालसिरस जिला शोलापुर (महाराष्ट्र), हाल राजपुरोहितों का मगरिया बिलाड़ा थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर ब्रेजा कार सहित संदिग्ध चांदी जब्त कर ली तथा प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है। पुलिस आरोपियों से चांदी की खरीद-फरोख्त, परिवहन के स्त्रोत तथा संभावित नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच जारी है तथा चांदी के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

### पंच गौरव कार्यक्रम कृषि उपज मंडी रामगंज मंडी में आज धनिया प्रतियोगिता

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** पंच गौरव कार्यक्रम में एक जिला-एक उपज के अन्तर्गत धनिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार, 17 मार्च को ईनाम हॉल, कृषि उपज मण्डी समिति, रामगंजमण्डी प्रांगण में किया जाएगा। धनियां प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में कोटा एवं राजस्थान के अन्य जिले के धनिया उत्पादक कृषक अपने उत्पाद का प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रतियोगिता में धनियां फसल के 5 श्रेणियों एक्स्ट्रा ग्रीन, डबल पेरट, सिंगल पेरट, स्कूटर एवं इगल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले कृषकों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में कृषकों की एन्ट्री प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ली जायेगी। तत्पश्चात् निर्णायक समिति द्वारा विजेता कृषकों का चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी कृषकों को धनिया सैम्पल (न्यूनतम 500 ग्राम) साथ लाना होगा। उप निदेशक उद्यान श्री नन्द बिहारी मालव ने अधिक से अधिक कृषकों से धनिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृषि अथवा उद्यानिकी विभाग, कोटा एवं कृषि उपज मण्डी समिति, रामगंजमण्डी में सम्पर्क किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा अब स्थानीय विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध अभिभावकों में खुशी की लहर



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि बचपन द सेवन स्टार कॉन्वेंट स्कूल, छोटी खाटू को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्धता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि से अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार केंद्रीय सीबीएसई माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली की ओर से निरीक्षण पश्चात सभी मानकों पर खरा उतरने के कारण मान्यता प्रदान की गई । सीबीएसई संबद्धता मिलने के बाद स्कूल में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल लर्निंग, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, कंप्यूटर विज्ञान, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, नृत्य, व्यवसायिक शिक्षा तथा सह-पाठयक्रम गतिविधियों को और अधिक मजबूती से लागू किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के सहयोग और विश्वास को दिया है। प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल, विज्ञान, तकनीकी और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

क्षेत्र के अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय को सीबीएसई संबद्धता मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का संकल्प दोहराया।

## जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल कार्यक्रम में आंशिक संशोधन

**चित्तौड़गढ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर के रात्रि चौपाल कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च 2026 (गुरुवार) को पंचायत समिति गंगरार की ग्राम पंचायत कुंवालिया में तथा 27 मार्च 2026 (गुरुवार) को पंचायत समिति भूपालसागर की ग्राम पंचायत गुन्दली में सांय 6 बजे रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जिला कलक्टर के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के साथ इन रात्रि चौपालों में निर्धारित समय पर उपस्थित रहें। चौपाल के दौरान आमजन की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी तथा उनका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वडंर सीमेंट लि. मेवाड़ गौरव सम्मान से सम्मानित



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा के नींव इनीषिएटिव के अन्तर्गत यूनिट हेड नितिन जैन के मार्गदर्षन में संचालित किसान विकास कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिये करवाये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु वडंर सीमेंट लि. को फर्स्ट इंडिया न्यूज़ द्वारा चिश्रौड़गढ़ में आयोजित ''मेवाड़ गौरव सम्मान समारोह - 2026'' में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार गौतम कुमार दक, सांसद चिश्रौड़गढ़ सी. पी. जोषी, विधायक निम्बाहेड़ा श्रीचंद कृपलानी, विधायक चिश्रौड़गढ़ चंद्रभान सिंह आक्या, विधायक कपासन अर्जुनलाल जीनगर, पुर्व मंत्री राजस्थान सरकार उदयलाल आंजना, फर्स्ट इंडिया न्यूज के सी.ई.ओ. पवन अरोड़ा द्वारा सी.एस.आर. विभाग के राहुल व्यास को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर चिश्रौड़गढ़ आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक चिश्रौड़गढ़ मनीष त्रिपाठी, सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बद्रीलाल जाट, जिला अध्यक्ष कांग्रेस प्रमोद सिंह सिसोदिया सहित फर्स्ट इंडिया न्यूज़ चैनल के प्रतिनिधि भी मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन ने बताया कि किसानों को आधुनिक तरीके की कृषि से जोड़ने की दिषा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। किसान भाईयों को कृषि आय में वृद्धि हेतु नवीन कृषि तकनिक एवं कृषि वैज्ञानिकों से विज्ञान के नवाचारों की विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाना तथा ए.आई. आधारित खेती के तरीके को समझाना, ओर्गेनिक कृषि, ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन, पषु पालन की अत्याधुनिक तकनिक से परिचय, मक्का की उत्पादन क्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर समय पर षैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से प्रषिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। साथ ही कम्पनी द्वारा किसानों को विभिन्न किस्म की सब्जियों के उत्पादन एवं उन्नत किस्म की फलदार बाडीयां विकसित करने के लिये भी निरंतर सहयोग किया जा रहा हैं।

### विजयत्री कोचिंग सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, विद्यार्थियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी




**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विजयत्री कोचिंग सेंटर, शाहपुरा में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान पीएलवी रीना देवी ने विद्यार्थियों को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों तथा उनके प्रति समाज के नैतिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में भी जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जिसके दुष्परिणाम समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए हानिकारक साबित होते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह इसके खिलाफ जागरूकता फैलाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे ।इस अवसर पर तालुका अध्यक्ष सानिया हाशमी, तालुका सचिव आज़ाद मोहम्मद, पैनल अधिवक्ता हितेश शर्मा, पीएलवी रीना देवी तथा कोचिंग संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# जिला कारागृह में उपखंड अधिकारी और एडिशनल एसपी का औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं की ली सुध

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित कारागृह में सोमवार को प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा ने जेल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बंदियों के बैरकों की सघन तलाशी ली।?जेल में अनुशासन और सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से चलाए गए इस 'सघन तलाशी अभियान' के तहत अधिकारियों ने कारागृह के प्रत्येक वार्ड और बैरक की बारीकी से जांच की। पुलिस जाब्ते के साथ कैदियों के सामान, बिस्तरों और अन्य संदिग्ध स्थानों को खंगाला गया। राहत की बात यह रही कि पूरी तलाशी के दौरान जेल परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि बंदियों के मानवीय अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया।

एसडीएम विकास मोहन भाटी ने जेल की मेस का निरीक्षण कर वहां बनने वाले भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जानकारी ली। साथ ही, जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि शासन व्यवस्था और अनुशासन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।?इस औचक कार्रवाई के दौरान जेलर नरेश कुमार सहित पुलिस लाइन के जवान और जेल प्रहरी पूरी तरह मुस्तैद रहे। उच्चाधिकारियों ने जेलर से बंदियों की वर्तमान संख्या और सुरक्षा मानकों के संबंध में चर्चा की और निरंतर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से पहले विकास की तैयारी, सड़कों और नालियों के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान से पहले ही विकास कार्यों की तैयारियों का असर अब शहर में दिखाई देने लगा है। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़क और नाली निर्माण कार्यों को भी तेज गति से शुरू कर दिया है। तीन करोड़ से सीसी सड़क निर्माणनगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर को तीन जोनों में विभाजित कर प्रत्येक जोन में लगभग एक-एक करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़कों के निर्माण के कार्यादेश जारी किए गए हैं।

कुल तीन करोड़ रुपये की लागत से यह सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे अतिक्रमण हटने के बाद सड़कों की स्थिति बेहतर बनाई जा सके।

## नयाखेड़ा सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के 2 मेगावाट पीएम-कुसुम (कंपोनेंट-।) सौर ऊर्जा संयंत्र का नयाखेड़ादृनिंबाहेड़ा फीडर पर उद्घाटन

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** निंबाहेड़ा उपखंड क्षेत्र में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नयाखेड़ा सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के 2 मेगावाट क्षमता वाले पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेंट-।) सौर ऊर्जा संयंत्र का नयाखेड़ा निंबाहेड़ा फीडर पर सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। यह सौर ऊर्जा संयंत्र न्यूरिस्ट इंडिया ग्रीन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड (छनतपेज प्दकपं ळतममद ैवसनजपवदे च्अज. स्जक.) द्वारा स्थापित किया गया है, जो कि एक उभरती हुई ईपीसी (म्दहपदममतपदह, च्तवबनतमउमदज ंदक ब्वदेजतनबजपवद) कंपनी है। कंपनी का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार के साथ कार्य करना है।

न्यूरिस्ट इंडिया ग्रीन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड का लक्ष्य केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनी कार्बन क्रेडिट, ग्रीन एनर्जी, पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यावरण की रक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित यह 2 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र में स्वच्छ बिजली उत्पादन को बढ़ावा देगा तथा स्थानीय विद्युत व्यवस्था को मजबूत करेगा। इससे किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी, जिससे कृषि कार्यों में सुविधा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। परियोजना के उद्घाटन के साथ ही अब यह संयंत्र नियमित रूप से विद्युत उत्पादन कर क्षेत्रीय ग्रिड में बिजली आपूर्ति करेगा, जिससे हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## लॉर्ड्स मार्क्स और सीएमईटी की साझेदारी से तैयार होगा दुनिया का पहला एआई आधारित ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन डिवाइस

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए ए आई .पावर्डए रेडिएशन.फ्री ब्रेस्ट स्क्रीनिंग वियरेबल डिवाइस बनाने के लिए सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी के साथ एक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है। इस पहल के साथए लॉर्ड्स मार्क आसानए ए आई .लेड हेल्थकेयर सॉल्यूशंस को आगे बढ़ाने के अपने लंबे समय के कमिटमेंट को और मज़बूत करता हैकृभारत में स्केलेबल प्रिवेंटिव डायग्नोस्टिक्स में खुद को सबसे आगे रखता है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टरए सचिदानंद उपाध्याय ने सीमेट के साथ पार्टनरशिप पर कमेंट करते हुए कहारू श्यह कोलेबोरेशन दुनिया भर में कॉम्पिटिटिवए देसी हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी बनाने की हमारी यात्रा में एक अहम कदम है। सीमेट की साइंटिफिक्र एक्सपर्टीज़ को लॉर्ड्स मार्क की मैन्युफैक्चरिंग ताकत के साथ मिलाकरए हम प्रिवेंटिव डायग्नोस्टिक्स में एक नया तरीका ला रहे हैंकृनॉन.इनवेसिवए ए आई .ड्रिवनए और सच में एक्सेसिबल। हमारा विज़न है कि जल्दी पता लगाने में आने वाली रुकावटों को कम किया जाए और पूरे भारत में महिलाओं को सुरक्षितए स्मार्ट स्क्रीनिंग सॉल्यूशन से मज़बूत बनाया जाए। यह सिर्फ़ एक प्रोडक्ट इनिशिएटिव नहीं हैय यह स्केलेबलए इम्पैक्ट.लेड हेल्थकेयर इनोवेशन के लिए एक कमिटमेंट है।

## चेटीचंद्र महोत्सव की श्रृंखला में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेटीचंड्र महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीती रात निजी मैरिज गार्डन में बालक बालिकाओं द्वारा भक्ति गीत, डांस प्रतियोगिता, स्टैंड अप कॉमेडी का आयोजन हुआ।महेश चांदवानी ने बताया कार्यक्रम का संचालन साक्षी टेकवानी, पीहू धनवानी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सिंधी समाज सेवा समिति अध्यक्ष मंगूमल टेकवानी, जवाहर नगर पंचायत अध्यक्ष किशन जेसानी ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की। झूलेलाल कीर्तन मंडली सदस्य राम बचानी, बाबूलाल संजय लेखवानी, चंद्रमोहन पमनानी द्वारा भक्ति गीतों से सबको भाव विभोर कर दिया। इस दौरान कीर्ति जयसिंघानी कोमल लालवानी, तुलसी नारवानी, गायत्री टेकवानी दया पंजवानी, पुष्पा एवरग्रीन, लता माधवानी सहित समाज के गणमान्य गौरव जैसानी, अमर कालरा, हरीश कालरा, महेश जैसानी, राजकुमार बूलचंदानी, प्रदीप चांदवानी, रवि जयसिंघानी, शंकर लाल बूलचंदानी, चंद्रमल ज्ञानचंदानी, मुकेश जयसिंघानी, नंदलाल पंजवानी, जयराम रोहिड़ा आदि मोजूद रहे।

# सांसद हनुमान बेनिवाल के द्वारा दरगाह सुफी हमीदुदीन नागौरी र. अ. मे दी इफ्तार पार्टी, उमड़ा जनसेलाब

**नागौर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में कौमी एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनिवाल द्वारा 15 मार्च 2026 (25 रमजान 1447) को ऐतिहासिक दरगाह हजरत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी र.अ. मे भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे रोजेदारों और स्थानीय नागरिकों ने शिरकत की। इफ्तार पार्टी में केवल मुस्लिम समुदाय के लोग ही नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों के प्रबुद्ध नागरिक, आरएलपी कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दरगाह सदर हाजी शमशेर खान व कमेटी के सदस्य तथा आम जन ने सांसद हनुमान बेनिवाल का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सांसद बेनिवाल ने खुद रोजेदारो के बीच बैठकर उनसे मुलाकात की और इफ्तार कराया। उन्होने कहा कि नागौर हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र रहा है। रमजान का पवित्र महीना चल रहा है और इस दौरान दरगाह सुफी हमीदुदीन नागौरी र अ. मे नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया दरगाह सदर हाजी शमशेर खान साहब द्वारा बताया गया



## माहेश्वरी समाज महिला मंडल की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

**सरवाड़ (हुक्मनामा समाचार)।**कस्बे में सोमवार को माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक मंडल माहेश्वरी भवन में अध्यक्ष इन्द्रा बिडला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समाज में महिला सहभागिता को बढ़ाने, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा सेवा कार्यों को सक्रिय रूप से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कृष्णा शारदा को अध्यक्ष, शशि जेथलिया को मंत्री, राजेश्वरी भूतड़ा को उपाध्यक्ष, हेमशिखा धुपड को सांस्कृतिक मंत्री, निर्मला भट्टड को संगठन मंत्री तथा पुष्पा बांगड़ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित महिलाओं ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा शारदा ने कहा कि महिला मंडल समाज के विकास, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।